तापमान

अधिकतम 33.6 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 6 नवंबर 2024



10 समाज ने रैली निकाल कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन





11 स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी हो काम: लालेश्वर






खबर संक्षेप

### दुर्ग रेलवे स्टेशन में पांच अनाधिकृत वेंडर पकड़ाए



**भिलाई।** रेलवे ने अधिकृत वेंडरों द्वारा ट्रेनों और स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसे लेकर स्टेशनों, ट्रेनों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान को बेहतर करने के लिए अभियावन चलाया जा जा रहा है। रेलवे प्रशासन को अनाधिकृत वेंडिंग की शिकायत भी समय-समय पर मिलती रहती है। इसे लेकर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देश पर मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा ट्रेनों प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से खानपान जांच किया जा रहा है। इसे लेकर दुर्ग रेलवे स्टेशन में चलाये गए औचक खानपान जांच अभियान के दौरान 5 आनाधिकृत वेंडर पकडे गये। जिन पर रेलवे ने कार्रवाई किया है। सभी केटरिंग संचालकों को बिना प्लेटफार्म परमिट के प्लेटफार्म, ट्रेनों में खाद्य सामग्री नहीं बेचे जाने की सख्त हिदायत दी। मंडल रेल प्रशासन अनाधिकृत वेंडिंग को पूर्णतः बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान में वाणिज्य निरीक्षक, टिकट चेकिंग स्टाफ समेत आरपीएफ की टीम शामिल थी।

### अनाचार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** नाबालिग ने 14 वर्षीय किशोरी के साथ अनाचार करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक किशोरी के मामा के यहां नाबालिग काम करता था। दोनों के बीच दोस्ती हुई और नाबालिग रात में किशोरी को होटल ले जाता था। जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया करता था। किशोरी और नाबालिग दोनों फोन पर बातें कर रात को हॉस्टल दुर्ग लेने नाबालिग पहुचता था। सुबह होते ही नाबालिग किशोरी को हास्टल छोडा करता था। किशोरी कक्षा दसवीं की पढ़ाई करती है। पावर हाउस स्थित होटल को दोनों बुक करते थे।


# नई पहल: अब उन्नत यूनिफाइड व्यू ऐप से संचालित होगा बीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अब सेल और भिलाई इस्पात संयंत्र अपने कामों की निगरानी करने नए ऐप के माध्यम से करने जा रहा है। इसके लिए उन्नत यूनिफाइड व्यू ऐप लॉन्च किया है।


इस ऐप के लॉन्च होने के बाद सेल और बीएसपी की वर्किंग कल्चर और डिसीजन पॉवर में असर दिखेगा। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने संचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उन्नत यूनिफाइड व्यू ऐप लॉन्च किया है, जो डिजिटल परिवर्तन में एक उल्लेखनीय पहल है, जिसे कहीं भी-कभी भी संयंत्र संचालन की बारीकी से निगरानी करने, संचार एवं समन्वय को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ऐप का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग के महत्व पर जोर दिया। इस उद्घाटन समारोह का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) सभागार में सोमवार को साप्ताहिक समन्वय बैठक के दौरान किया गया, जिसमें वरिष्ठ प्रबंधन एवं विभिन्न विभाग प्रमुखों ने भी हिस्सा लिया।

## वर्किंग कल्चर और डिसीजन पॉवर में दिखेगा ऐप का असर



### कर्मचारी सेवाएं भी इंटरफेस में शामिल

यूनिफाइड व्यू ऐप में उत्पादन प्रक्रिया की निगरानी के साथ-साथ कर्मचारी सेवाएं इंटरफेस शामिल हैं। यह पहल डिजिटल इंडिया में शामिल स्मार्ट तकनीकों को अपनाने की भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। सभी कर्मचारियों के लिए यह ऐप, ऐप्पल ऐप स्टोर तथा गूगल प्ले स्टोर दोनों पर आवश्यक सुरक्षा फीचर के साथ उपलब्ध है। एंड्रॉइड तथा आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यूनिफाइड व्यू ऐप को भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑटोमेशन और डिजिटलाइजेशन विभाग द्वारा विकसित किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक पावर फैसिलिटीज राजीव पांडे एवं मुख्य महाप्रबंधक ऑटोमेशन और डिजिटलाइजेशन रविशंकर के मार्गदर्शन में इस ऐप डेवलपमेंट टीम ने कार्य को कुशलता से पूर्ण किया। ऐप डेवलपमेंट टीम में कुमारी अनामिका, एसपी राजकुमार एवं गीतांजलि वर्मा शामिल हैं।




धान खरीदी : 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी तो धान रिजेक्ट

# पहली बार धान खरीदी से लेकर मिलिंग तक रहेगी केंद्र की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

धान खरीदी महज दो दिन शेष है। 14 नवंबर से प्रदेश सरकार धान खरीदी करने जा रही है। बावजूद कम समय होने की वजह से किसानों की चिंता धान में नमी के प्रतिशत को लेकर है। शासन ने तय किया है कि यदि 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी धान में मिलेगी तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाएगा। वहीं इस बार धान खरीदी से मिलिंग तक इस बार केंद्र सरकार की नजर रहेगी।पहली बार ऐसी मानिटिरिंग केंद्र स्तर पर होने जा रही है।



### धान खरीदी से लेकर मिलिंग तक ऐसी रहेगी केंद्र की नजर

केंद्र सरकार ने धान खरीदी व चावल परिवहन के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। निर्देश हैं कि सभी मिलर्स परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाहनों को भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल से जोड़ना अनिवार्य कर दिया है। परिवहन वाले सभी वाहनों के लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस भी लगाना जरूरी है।इसकी हर दिन मानिटरिंग की जाएगी। वाहनों में लोकेशन डिवाइस काम 5 नवंबर से शुरू करने के निर्देश हैं।

### इस वजह से केंद्र की मॉनिटरिंग

सूत्रों के मुताबिक कस्टम मिलिंग पर भी केंद्र सरकार नजर रखने जा रही है। चूंकि समर्थन मूल्य केंद्र सरकार की घोषित करती है और उसके आधार पर खरीदी होती है। ऐसे में धान खरीदी की मानिटरिंग इस बार केंद्र सरकार की तरफ से करने की तैयारी की जा रही है। इसकी एक बड़ा कारण नियमित मानिटरिंग नहीं किए जाने से धान खरीदी और मिलिंग में होने वाली गड़बड़ियां हैं।

### दोष सिद्ध मिलरों के पंजीयन पर लगेगी रोक

केंद्र सरकार के धान खरीदी की इस बार सख्त नियम से मिलरों की दिक्कतें बढ़ सकती है। खासकर ऐसे मिलर्स जो तीन साल के भीतर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत किसी अपराध में दोष सिद्ध पाए गए हैं तो उनका पंजीयन किसी भी हालत में नहीं किया जा सकेगा। इस पर रोक लगा दी गई है। ऐसे सख्त नियम से कई मिलर बाहर भी हो सकते हैं।

### इस बार ऐसे होगा भौतिक सत्यापन

धान खरीदी के बाद इस बार कड़े नियम में राज्य और एफसीआई के अधिकारियों को संयुक्तरूप से खरीदी केंद्र, संग्रहण केंद्र और राइस मिलों के भौतिक सत्यापन करना है। मिल में भौतिक सत्यापन के लिए एसओपी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करना है। इसमें चेक लिस्ट और विडीयोग्राफी भी जरूरी कर दिया गया है। इसके अलावा राइस मिल के मालिकों द्वारा हर महीने जमा कुल सीएमआर की एंट्री करनी होगी। इसकी डाटा एपीआई के माध्यम से सीएफपीपी यानी सेंट्रल फूड प्रिक्योरमेंट पोर्टल में उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

### अरली वेरायटी की 40% धान कटाई

किसान धान खरीदी के समय को देखते हुए अरली वेरायटी के धान त्योहार के बाद तेजी से कटवाना शुरू कर दिया है। दुर्ग जिले में 1.32 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल ली गई है जिसमें से अरली वेरायटी की 40 प्रतिशत धान कटाई किसानों ने कर ली है। सर्वाधिक किसान हार्वेस्टर से धान की कटाई व मिंजाई एक साथ पूरी कर ले रहे हैं। लोकल हार्वेस्टरों की संख्या बढ़ने से किसानों को सुविधा हो रही है। वहीं पंजाब और हरियाणा से भी हार्वेस्टर मशीनें आई है। जिससे धान की कटाई व मिंजाई तेजी से हो रही है।

### इस किस्म के धान कटाई जोरों पर

अरली वेरायटी की धान के कई किस्म की फसलें तैयार हो गई है। हरूना किस्म की ज्यादातर फसल किसानों ने ली है। अरली वेरायटी की सरकारी बीज आईआर-36, आईआर-64 और 1010 जैसी फसल कटने लगी है। इसके अलावा किसानों ने प्राइवेट एजेंसियों से भी जल्दी तैयार होने वाली फसल ली है। जिसकी कटाई की जा रही है।



जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

## विवाद होने पर पत्नी पहुंची थाने, पति ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पति पत्नी में लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद सोमवार को पत्नी शिकायत करने थाने पहुंची तो पति ने अपने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर बॉम्बे आवास निवासी हीरालाल साहू का विवाह 18 साल पहले हुई थी। लगातार हीरालाल और उसकी पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद पांच साल से चल रहा था। सोमवार को भी दोनों के मध्य विवाद हुआ। विवाद से परेशान पत्नी ने घटना की शिकायत करने जामुल पुलिस थाना पहुची ही थी। तोडे देर बाद उसका बेटा पहुंचा और पिता हीरालाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना दी। बताया जा रहा है कि तालाक को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

इधर पति हीराला अपनी पत्नी को तलाक देना नहीं चाहता था। लेकिन पत्नी उससे तलाक लेना

- पति-पत्नी में पांच साल से चल रहा था विवाद

चाहती थी। इसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। हीरालाल साहू का एक बेटा और बेटी है। मृतक मेशन का काम करता था। मृतक का बेटी 17 साल की तो बेटा 15 साल का है। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को फांसी से उतारकर पंचनामा कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया।

भिलाई नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

## जुआरियों के पास से ढाई लाख नकद किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जुआ खेल रहे 12 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि जुआरियों से ताश पत्ती और 2 लाख 56 हजार रुपए नगदी जब्त किया गया है। मुखबिर की सूचना पर रुआबांधा बस्ती में जयस्तंभ चौक के पास जुआ खेलने की जानकारी मिली। भिलाई नगर पुलिस की टीम मौके पर पहुची और दबिश देकर गांधी चौक दुर्ग निवासी शैलेश मिश्रा, रुआबांधा बस्ती अमन जैन,हेमलाल ढीमर,उरला राजेन्द्र बागडे, नेहरु चौक कैम्प 1 भिलाई नितेश जायसवाल, राजीव नगर दुर्ग पप्पू साहू, खंडेवाल कालोनी दुर्ग राजेश गुजराती, शनिचरी बाजार रुआबांधा मनीष जैन, अनिल सिंह, रिसाली पानी टंकी भिलाई बल्लू चंद्राकर, गायत्री मंदिर के पास रुआबांधा विनय यादव, मयंक गावडे को पकड़ा गया है।

## सुरक्षा की अनदेखी, जामुल के मकान का ताला टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दीपाली मनाने गए परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और नगदी चोरी हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 05, 331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी सुनील सिंह प्राइवेट नौकरी करता है। 31 अक्टूबर की सुबह मकान में ताला जड़कर नौकरी के लिए रायपुर चला गया। परिवार के साथ रात को अपने गांव ट्रेन से रींवा दीवाली त्यौहार मनाने चला गया। रविवार सुबह वार्ड पार्षद ने कॉल कर पीड़ित को जानकारी दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे चांदी के सिक्के , नगदी 6 हजार रुपए पार हो गया है। मकान से एक बाइक और साउंड स्पीकर भी गायब है। गौरतलब हो कि जामुल में कई कबाड का काम करने वाले चोरी के सामनों को खरीदते है। लेकिन जामुल पुलिस की लापरवाही के कारण लगातार चोरी की वारदातें यहां होती आ रही है।

आईजी पहुंचे छावनी सीएसपी कार्यालय

## रोजनामचा एंट्री की पेंडिंग को लेकर आईजी ने लगाई टीआई को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



आईजी राम गोपाल गर्ग सीएसपी छावनी कार्यालय पहुंचे और निरीक्षण किया। इस दौरान रोजनामचा एंट्री को पेंडिंग रख वरिष्ठ कार्यालय नहीं भेजने पर प्रभारी को फटकार लगाई। इसके अलावा लंबित गंभीर अपराधों और शिकायतों का सूक्ष्मता से जांच करते हुए उसे तुरंत निपटारा करने, अड्डेबाजों , असामाजिक तत्वों, चाकूबाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। क्राइम डाइजेस्ट रजिस्टर की जिन कर्मचारियों द्वारा काम में लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात आईजी ने कही है। श्री गर्ग ने सीएसपी हरीश पाटिल और थाना प्रभारियों को गुंडा-बदमाशों, चाकूबाजों और आदतन अपराधियों पर कड़ी नजर रखने और लगातार चेकिंग करने को कहा है। निरीक्षण के अंतर्गत कार्यालय में रखे गए विभिन्न रजिस्टर जैसे अपराध डायजेस्ट, मर्ग, शिकायत, केस डायरी मूवमेंट, रोजनामचा विवरण, परवाना रजिस्टर आदि की जांच की गई। निरीक्षण में एसपी जितेंद्र शुक्ला, सीएसपी हरीश पाटिल, समेत थाना प्रभारीगण और स्टेनो श्रीनिवास राव, रीडर उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, सहायक उप निरीक्षक हेमंत त्रिपाठी, पुलिस पीआरओ प्रशांत शुक्ला समेत स्टाफ मौजूद था।

हजारों लोगों का सीधा सफर हो गया है बंद, इसमें छात्र-छात्राएं भी शामिल

# तीन महीने से बंद है रिसाली-उमरपोटी अंडरब्रिज, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

रिसाली-उमरपोटी अंडरब्रिज मरम्मत के नाम पर तीन महीने से बंद है। इसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। दुर्ग तक सीधा आवागमन बंद हो गया है। बोरसी और धनोरा जाने के लिए लोगों को दो किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है। कॉलेज व स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों सहित आसपास के कालोनी और ग्रामीणों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। अंडरब्रिज का संधारण रेलवे कर रहा है इसलिए इसकी गति इतनी धीमी है कि लोग खासे नाराज हैं।

### हर रोज हजारों लोगों की है आवाजाही

रिसाली- उमरपोटी अंडरब्रिज से हर रोज हजारों लोगों की आवाजाही हो रही थी। चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, कबीरनगर सहित दर्जनभर कालोनीवासी इस अंडरब्रिज का उपयोग रिसाली, धनोरा, बोरसी और दुर्ग आने-जाने के लिए करते हैं। इसी तरह रिसाली, धनोरा, बोरसी और दुर्ग की तरफ से आने वाले लोग भी इसी अंडरब्रिज का उपयोग करते हैं। इसके अलावा उमरपोटी, उतई, पुरई, पतोरा, सेलूद से लेकर पाटन तक से जुड़े ग्रामीण सीधे दुर्ग जाने के लिए इस बायपास रोड का उपयोग करते हैं।



### तकनीकी रूप से अंडरब्रिज का निर्माण ही गलत

जानकार सूत्र बताते है कि पहले ही अंडरब्रिज का निर्माण तकनीकी रूप से गलत किया जा चुका है। इस अंडरब्रिज को जिक-जैक की स्थिति बना दिया गया है। जिसकी वजह से एक तरफ से वाहन प्रवेश करता है तो दूसरी तरफ से आने वाली वाहन दिखाई नहीं देता। जिससे दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है।

### अंडरब्रिज का संधारण जल्द पूरा नहीं होने पर आंदोलन की तैयारी

ग्रामीणों व कालोनीवासियों में अंडरब्रिज संधारण कार्य में लेटलतीफी किए जाने से काफी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वे बताते हैं कि धनोरा में सरकारी मॉडल कॉलेज है। रिसाली , धनोरा में आईआईटी व नर्सिंग प्रशिक्षण सेंटर हैं। यहां सैकड़ों विद्यार्थी पढ़ने के लिए जाते हैं। अंडरब्रिज बंद होने से उन्हे मरोदा ओवरब्रिज का इस्तेमाल करते हुए घूमकर जाना पड़ रहा है। इससे दूरी दो किलोमीटर बढ़ गई है। आवाजाही में समय और पैसे दोनों ज्यादा लग रहे हैं। यही स्थिति लोगों की है। रिसाली किसी काम से जाना है तो घूमकर जाना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही अंडरब्रिज चालू नहीं किया गया तो सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी। स्थानीय विधायक व जनप्रतिनिधियों से भी इस ओर पहल की जरूरत है। जिससे रेलवे पर दबाव बन सके।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री

916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



दुर्ग। जय मां वैभव लक्ष्मी समिति ग्राम कोटनी एवं ग्राम पीपरछेड़ी में मां लक्ष्मी की प्रतिमा को विधि विधान से शिवनाथ नदी में विसर्जन किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।



### परशुराम जयंती पर हुए कार्यक्रम

दुर्ग। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव लोककला भवन सिविल लाइन में मनाया गया। कार्यक्रम की पूजा अर्चना कर आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, सुमित शर्मा, चंद्रशेखर पांडे, मुकेश तिवारी, किशोर तिवारी, श्याम शर्मा उपस्थित थे।

### निकली महाकाली की विसर्जन शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** शहर के शंकरपुर में भाई दूज के अवसर पर 48 घंटे के लिए स्थापित की गई मां काली की प्रतिमा का आज विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस दौरान शिव शक्ति महाकाली पूजा समिति द्वारा विसर्जन शोभायात्रा निकली गई। शंकरपुर वार्ड के लोगों द्वारा दीपावली के बाद भाई दूज के अवसर पर नगर कल्याण के उद्देश्य से स्थापित की जाने वाली मां काली की प्रतिमा का विधि-विधान से 48 घंटे तक पूजा-अर्चना किया गया और इसके बाद आज शोभायात्रा निकालकर विधि-विधान से माता की प्रतिमा विसर्जित की गई। समिति के लोगों ने बताया कि कोलकाता की तर्ज पर यहां भी महाकाली की प्रतिमा दो दिनों के लिए स्थापित की जाती है। महाकाली के साथ ही पूजा पंडाल में बाबा भैरवनाथ और मां काली की एक अन्य प्रतिमा ज्योति कक्ष में स्थापित होती है।

# स्पैरो की जमा राशि पर लगाई रोक, बकायदारों पर कुर्की की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम के नव नियुक्त आयुक्त ने मंगलवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक ली है। इस दौरान उन्होंने स्पैरों कंपनी की जमा राशि को किसी भी हाल में जारी नही किए जाने के निर्देश दिए है। इसके आलावा उन्होने ऐसे बकादयारों की संपति कुर्क करने के निर्देश दिए है, जिन्हे पहले नगरपालिका अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत नोटिस जारी की गई थी। लेकिन फिर भी टैक्स जमा नही करने पर फिर से 174 की धारा के तहत नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए है। वही तीसरी बार सीधे संपर्ति की कुर्की करने कहा गया हैं।

## नव नियुक्त आयुक्त ने ली राजस्व विभाग बैठक, कमजोर वसूली में फटकार

### अवकाश के दिन वसूली, खुद जाएंगे आयुक्त

आयुक्त ने कहा कि, प्रत्येक वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर वसूली करे। अवकाश के दिनों में आधा दिन भी घर-घर वसूली करने के साथ साथ निगम के राजस्व कार्यालय में भी वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने ये भी कहा कि, अगर कोई करदाता टैक्स वाली देने में आनाकानी करते है तो खूद टैक्स वसूली में साथ चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि, सप्ताह के अंतिम दिन डिमांड एवं वसूली की प्रगति की जानकारी ली जावेगी। वसूली में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। समीक्षा बैठक मे नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्तिकर अधिरोपित करें।



### तीसरी बार कुर्की की कार्रवाई होगी

आयुक्त ने कहा इसी प्रकार भवन शाखा से नये मकानों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर की वसूली करे। जिससे शत प्रतिशत वसूली हो सके। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी जो करदाता जलकर सहित अन्य कर जमा नहीं कर रहे है। ऐसी स्थिति में संबंधित का नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। जिन बडे बकायादारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है और उन्होंने करों का भुगतान नहीं किया है। उनकी कुर्की की कार्यवाही करे।

नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सोमवार को पदभार ग्रहण कर चुके है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही आयुक्त ने निगम की कडाई से मानिटरिंग शुरू कर दी हैं। मंगलवार को राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली की समीक्षा उनके द्वारा की गई। साथ ही टीम गठित कर बड़े बकायेदारों से कड़ाई से करों की वसूली के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी लेकर डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारी से कहा कि, प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षकों की डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान करें।

## तैयारी : डेढ़ करोड़ से अधिक के बारदाने की जरुरत, पहुंचा सिर्फ चार फीसदी

# खरीदी के सात दिन पहले टोकन केन्द्रों में पहुंचा 12 लाख बारदाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 14 नवंबर को समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी की जानी है। जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। चौदह नवंबर से सात दिन पहले किसानों को टोकन जारी किया जाएगा। जिसके तहत बडे किसानों को तीन और छोटे किसानों को दो टोकन देकर उपज की खरीदी की जाएगी। बहरहाल उपार्जन केन्द्रो में बारदाना भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अब तक 12 लाख बारदाना भेजे जा चुके है। वही राज्य शासन ने केन्द्रों में तैयारी के लिए राशि भी जारी कर दी हैं।

जिले में दीपावली पर्व के बाद धान की कटाई शुरू हो गई है। पर्व के पहले अरर्ली वैरायटी के धान की कटाई की जा रही थी। लेकिन पर्व के बाद मुख्य धान की भी कटाई शुरू हो गई हैं। इधर प्रशासन द्वारा भी तैयारियां तेज कर दी गई है। राज्य शासन द्वारा उपार्जन केन्द्रो में सुरक्षा भंडारण के लिए 2 करोड 93 लाख रूपए जारी कर दिया गया है। दुर्ग जिले के 102 उपार्जन केन्द्रो में राशि जारी किए जाने के बाद तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी के लिए 68 लाख क्विंटल का टारगेट जारी कर दिया गया है। धान खरीदी के लिए किसानों से 31 अक्टूबर तक पंजीयन कराया जा रहा था। डीडीए संदीप भोई ने बताया कि, वर्तमान में वास्तविक आंकडे नही आए है। लेकिन करीब 1 लाख 12 हजार हेक्टेयर में इस बार किसान धान बेचेगें। इधर सोसायटी आपरेटरों को कृषि मंत्री से आश्वासन मिलने के बाद वे समिति में काम पर लौट गए हैं।

### धान की कटाई शुरू, खेतों में दिनभर जुटे किसान सहित पूरा परिवार



### इस बार केन्द्रों में को पांच रुपए जारी

राज्य शासन द्वारा हर साल समितियों को प्रति क्विंटल की खरीदी पर पांच रूपए जारी किया जाता था। इसे दो किस्तों में जारी किया जाता था। लेकिन इस बार राज्य शासन ने एक साथ दो करोड 96 लाख रूपए यानि पांच रूपए एक साथ जारी कर दी है। एक साथ राशि जारी किए जाने से सोसायटी प्रबंधको ने भी राहत की सांस ली हैं।

### मक्का खरीदी का उल्लेख नहीं

इस बार राज्य शासन द्वारा जारी धान खरीदी नीति में मक्का खरीदी का उल्लेख नही है। ऐसे में न सिर्फ अफसर बल्कि मक्का उत्पादन करने वाले किसान भी पेशोपेश में है। हांलाकि जिले में कुछ ही किसानों द्वारा मक्के की बिक्री की जाती थी। लेकिन प्रदेश के अन्य जिले में मक्के की आवक होती है। लेकिन नीति में मक्का खरीदी का कही पर भी उल्लेख नही किया गया हैं।

### मिलरों ने नहीं दिया 45 लाख बारदाना

जिले के मिलरों ने एक तरफ जहां नान में ढाई लाख क्विंटल चावल जमा नही किया है, वहीं एफसीआई में आठ लाख क्विंटल चावल शेष है। चावल के आलावा मिलरों ने करीब 45 लाख नग बारदाना भी जमा नही किया हैं। जिसके चलते धान खरीदी में बारदाने की समस्या होगी। जूट कमिश्नर विभाग द्वारा जिले में 96 लाख बीस हजार बारदाने का लाट मार्कफेड को भेज दिया गया है। इसमें दुर्ग सिर्फ 12 लाख बारदाना भेजा गया है, बाकि बालोद और बेमेतरा भेजे जाने की तैयारी हैं।

# समाज ने रैली निकाल कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा मंगलवार को रैली निकाल कर ज्ञापन कलेक्ट्रेट रायपुर के राजस्व विभाग में पदस्थ लिपिक प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या के दोषी अधिकारियों पर एफआईआर करने तथा उपरोक्त अधिकारियों पर निलंबन की मांग को लेकर ज्ञापन महामहिम राज्यपाल एवं प्रदेश सरकार के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के नाम अपर कलेक्टर अरविन्द कुमार एक्का जिला प्रशासन को सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सौंपा गया। समाज द्वारा मामले में एफआईआर एवं निलंबन की मांग की गई। मृतक से प्राप्त सुसाइड नोट में अधिकारी स्तर के तीन अधिकारियों को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है एवं ब्राह्मण समाज को अपमानजनक और जाति सूचक असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित किया गया। नेताओं से झूठी शिकायत कराई गई, खरोरा ट्रांसफर करा दिया गया। तत्संबंधी शिकायत तीन बार प्रत्यक्ष जाकर कराई गई। लेकिन कोई कार्य वाही नहीं हुई। बताया गया कि, अधिकारियों का प्रताड़ना जारी रहा, अंततः आत्म हत्या जैसा कठोर कदम मजबूर होकर मृतक ने उठाया गया। सर्व ब्राह्मण समाज ने ज्ञापन सौंपा कहा कि, मृतक प्रदीप उपाध्याय को आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोप में उक्त अधिकारी स्तर को जो इस में शामिल हैं। उन पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत एफआईआर के साथ निलंबन की कार्य वाही की मांग रखी है।

- दोषी अधिकारियों पर एफआईआर की मांग

### टीम गठित कर जांच की मांग

एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन करके इस संपूर्ण मामले की जांच कराई जाए। आज के इस कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने कहा कि, यदि जल्द इस पर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो सर्व ब्राह्मण समाज के बैनर तले आंदोलन प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सरयु पारीण ब्राह्मण समाज, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, छत्तीसगढ़ सरयु पारीण ब्राह्मण समाज, राजस्थानी गौंड ब्राह्मण समाज, महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज, पंजाबी ब्राह्मण समाज, उत्कल ब्राह्मण समाज, तेलुगु ब्राह्मण समाज सहित भिलाई दुर्ग के पदाधिकारियों एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ...



दुर्ग। जिला मुख्यालय दुर्ग में जिला स्तरीय राज्योत्सव का हुआ आगाज हुआ। मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर राज्योत्सव का शुभारंभ किया। इससे पूर्व सांसद अग्रवाल ने विभिन्न स्टॉलों में पहुंचकर विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। विशिष्ट अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सम्मिलित हुए। सांसद अग्रवाल ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तीव्र गति से विकास की राह पर लेकर जा रही है। उन्होंने सभी दुर्गवासियों को राज्य गठन के 24 साल पूर्ण होने और 25वें साल में प्रवेश करने पर बधाई दी।

# युवक-युवतियों को दिया जा रहा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

- बेरोजगारों को रोजगार देने का प्रयास

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 4 नवम्बर से महिला टेलर (30 दिन), 25 नवम्बर से टू व्हीलर रिपेयरिंग प्रशिक्षण (30 दिन), 25 नवम्बर को वाहन चालक(ड्राईवर) प्रशिक्षण (30 दिन) दिया जाएगा।

# आयुक्त ने विभिन्न छठ घाटों में चल रहे सफ़ाई अभियान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कार्यभार संभालते ही सुबह नए आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, शोएब अहमद, एमएमयू कुणाल, राहुल व टीम के साथ वार्ड 21 पुजारी तलाब साफ-सफाई व्यवस्था सहित छठ पूजा से पहले तालाबों की साफ सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए निर्देश दिये और नागरिकों से अपील की कि वे तालाबो को साफ रखने में निगम की मदद करें। तालाबो में पूजन सामग्री विसर्जित न करें। उन्होंने निरीक्षण के मौके पर बोले कि छठ महापर्व के दौरान एक स्वच्छ एवं साफ़ वातावरण में श्रद्धालु पूजा करने को मिले। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग पूरी टीम मुस्तैदी के साथ कार्यों का निष्पादन करे। सभी अपने संबंधित जोन में सफ़ाई अभियान को प्राथमिकता के साथ मॉनिटिंग करे। आयुक्त बोले अगले 24 घंटों के भीतर सभी चिन्हित छठ तालाबो की संपूर्ण सफ़ाई सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि चिन्हित छठ तालाबो और उसके सभी संपर्क पथों पर विशेष सफ़ाई अभियान दीपावाली के पूर्व से ही चलाई जा रही है।

- विशेष सफ़ाई अभियान में गति लाने के दिए निर्देश



### एसएलआरएम सेंटर भी पहुंचे

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बटालियन वार्ड क्रमांक 60 ओवरब्रिज के करीब एसएलआरएम में डोर टू डोर कचरा संग्रहण की जानकारी रिपोर्ट मांगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान रजिस्टर की जांच की। इस दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल को स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी बताया कि एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कर कचरों का पृथकीकरण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पॉलीथीन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाकर निष्पादन हेतु भेजा जा रहा है। इसी तरह गीले कचरों का पृथकीकरण के बाद एसएलआरएम सेंटर में सोनहा खाद बनाया जा रहा है। इसे खाद के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

## नाराज पार्षदों ने मंत्री से की शिकायत, कहा- पूछा तक नहीं गया

# भाजपा पार्षदों ने राज्योत्सव का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला प्रशासन की अगुवाई में हो रहे राज्योत्सव में निमंत्रण कार्ड नही मिलने से दुर्ग नगरनिगम के भाजपा पार्षद खपा हो गए है। भाजपा पार्षद जिला प्रशासन के आयोजन से इस कदर खपा हुए कि, इसकी शिकायत पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से कर दी गई हैं। मंत्री ने नाराज पार्षदों के पीडा सुनने के बाद कलेक्टर और एसपी के प्रति नाराजगी भी जाहिर की हैं। भाजपा पार्षदों का कहना था कि, हर साल पार्षदों को जिला प्रशासन द्वारा व्यक्तिगत कार्ड दिया जाता था। लेकिन इस बार एक ही कार्ड से समस्त पार्षदों को निमंत्रण देकर खानापूर्ति कर लिया गया। देखा जाए तो कांग्रेस कार्यकाल में भाजपा पार्षदों को पूछा गया था। लेकिन वर्तमान में राज्य में भाजपा की सरकार है। इसके बाद भी निगम के भाजपा पार्षदों को जिला प्रशासन द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया। पूर्व सभापति दिनेश देवांगन का कहना है कि, प्रशासन के इस लापरवाही के कारण कोई भी पार्षद कार्यक्रम में नही पहुंच पाए। इसी तरह जनपद पंचायतों के सदस्यों को भी नही पूछा गया। जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने बताया कि, वर्तमान में जनपद और जिला में कांग्रेस की सत्ता हैं, इसके बाद भी प्रशासन द्वारा राज्योत्सव में आमंत्रित नही किया गया, जिसे लेकर उन्होने भी खेद जताया हैं।

- राज्योत्सव पर पार्षदों ने लगाया अनदेखी का आरोप

### पार्षदों ने मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से की शिकायत



### कलेक्टर से मिलने की भी तैयारी

भाजपा पार्षदों ने बताया कि, इस मामले को लेकर बुधवार को वे कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात करेगें। इस दौरान भाजपा पार्षद दल मंत्री के आलावा कलेक्टर के समक्ष भी नाराजगी जताएंगे। ताकि आने वाले समय में इस तरह की प्रशासनिक लापरवाही दुहराया न जाए। सूत्रों ने बताया कि, हर साल होने वाले इस कार्यक्रम के लिए निचले स्तर के अधिकारियों ने प्रशासन को विविधत जानकारी ही नही दी थी।

### सर्किट हाउस में की गई मुलाकात

भाजपा के नाराज पार्षदों ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से सर्किट हाउस में उपस्थित होकर अपनी नाराजगी दर्ज कराई हैं। जिस पर पूर्व मंत्री ने भी पार्षदों के पक्ष में प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई और उन्होने तत्काल कलेक्टर और एसपी को भी तलब कर दिया। इस दौरान विधायक गजेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। इस मामले की चर्चा दिनभर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना रहा।

# वार्डों में नाम जोड़ने के बीच भारी त्रुटि सुधार में जुटे निगम के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निर्वाचन नामावली में नाम जोडने के दौरान भारी गडबडी होने की बात सामने आई है। हांलाकि निगम प्रशासन द्वारा शिकायत वाले वार्डो की जांच की जा रही है। इस दौरान पंचनामा के जरिए त्रुटि से नाम जुडने के मामले में सुधार किया जा रहा हैं। इस तरह की शिकायत अन्य वार्डो में भी मिल रही हैं। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के संजय सिंह की शिकायत पर कसारीडीह वार्ड 42 के संदिग्ध मतदाताओं की सघन जांच की गई। उन्होने बताया कि, अन्य वार्डों में रहने वाले लगभग 250-300 मतदाताओं का नाम चिन्हित किया गया। सभी के घर-घर जाकर जांच की गई। संजय सिंह ने बताया कि, इस वार्ड में बड़ी संख्या में दुसरे जगह रहने वालो का नाम जुडा है जो निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है। जांच आवश्यक थी, जिसे अधिकारीयों, कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है जो कि सराहनीय कार्य है। जानकारी अनुसार वार्ड 41-42 और 40-41 के मतदाताओं का त्रुटिवश दूसरे वार्डों में नाम चला गया है। आगामी दिनों निकाय चुनाव होने के कारण इस त्रुटि से पार्षदों की धडकने में तेज हो गई है। हांलाकि प्रारंभिक नामावली जारी किए जाने के बाद दावा आपत्ति का भी समय दिया जाएगा। इस दौरान भी सुधार कार्य किया जाएगा।

### नक्शा लेकर पहुंचे अधिकारी

विवाद वाले वार्डो में शिकायत आने पर निगम के



राजस्व अधिकारी परिसीमन का नक्सा लेकर पहुंच रहे हैं।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि, पोर्टल में नाम जोडने के दौरान तकनीकि त्रुटि के कारण विसंगति हो गई थी। ऐसे में नक्शा के आधार पर शिकायतकर्ताओं को वार्ड की जानकारी दी जा रही हैं। बहरहाल नगरीय निकाय के लिए आगामी 27 नवंबर को निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पुलगांव में कारी बदरिया की प्रस्तुति आज

**अंडा।** दीपावली त्योहार के अवसर पर जय सहाड़ा लक्ष्मी उत्सव समिति एवं वार्डवासी के सहयोग से



पुलगांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी बदरिया गुरुर वाले का कार्यक्रम 6 नवंबर को किया गया है। लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना, हवन पूजन के बाद विसर्जन किया गया एवं रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव एवं गांव की गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### तर्रा में मंडई मेला 10 को

**सेलूद।** पाटन विधानसभा के ग्राम तर्रा में 10 नबम्बर को दिन में भव्य मंडई मेला का आयोजन मां चण्डी मंदिर प्रागण में रखा गया है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर महादेव हिरवानी कृत की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति रात 10 बजे से होगी। यह जानकारी ग्राम पंचायत तर्रा के सरपंच डॉ. योगेश चन्द्राकर ने दी।

### आमटी में जस झांकी व रामायण आज

**अंडा।** आमटी में जस झांकी व रामायण समस्त ग्रामवासी व युवा साथी के सहयोग से 6 नवंबर को शाम 5 बजे से तुलसी के सपना मानस परिवार चिरपोटी वालों का रामायण व रात्रि 9 बजे से जय मारा देव मारिया पूरन जस झांकी परिवार पचपेड़ी (कौरू नगर ) भखारा जिला धमतरी वालों की प्रस्तुति होगी। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आने की अपील की है। यह जानकारी तुलेश कुमार साहू व चितरंजन साहू ने दी।

### स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोज

**ननकट्ठी।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बोड़ेगांव में न्योता भोजन कराया गया। जिसमें ग्राम पंचायत बोड़ेगांव के पंच द्वारका देवांगन द्वारा हलुआ एवं पूड़ी का न्योता भोज कराया गया। शासकीय बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त पोषक भोजन प्रदाय करने के लिए जारी निर्देशानुसार शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री पोषण शक्ति हेतु सबके प्रयासों से प्रदान की जाने वाली सामग्री में शाला के लिए पूर्ण भोजन ,कक्षा विशेष के लिए पूर्ण भोजन या अतिरिक्त पोषण आहार होने का मार्गदर्शन शाला की प्रधान पाठक नीतू बागड़े एवं शिक्षक शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर देव कुमार सिन्हा, पंच होरी दास मानिकपुरी, बृजेंद्र नाथ मिश्रा एवं शिक्षक प्रताप सिंह धनकर, सोहनलाल आदि उपस्थित थे।

## निधन

### शिवलाल साहू

**भिलाई।** 8/24 इस्पात नगर



रिसाली निवासी सेवानिवृत बीएसपी कर्मी शिवलाल साहू उम्र 83 वर्ष का निधन 5 नवंबर को सेक्टर 9 हॉस्पिटल में हो गया। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए।

## राजधानी के साथ ही सभी जिलों में किया जा रहा राज्योत्सव का आयोजन

# राज्योत्सव सांस्कृतिक धरोहर व समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है: ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2024 धूमधाम से मनाया जा रहा है। खास बात यह है कि राजधानी रायपुर के साथ ही सभी जिलों में भी जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और आदिवासी विकास विभाग द्वारा दशहरा मैदान मोहला में आयोजित मानपुर, मोहला, अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ी राज्योत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण व जिला प्रतिवेदन जिलाधीश तूलिका प्रजापति ने दिया, जिले में चल रहे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर द्वारा इस कार्यक्रम में लगे विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया। वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। साथ ही, पात्र हितग्राहियों को रोजगार मूलक सामग्री वितरित की।

**राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर**





### धान खरीदी की मजबूत व्यवस्था का किया निर्माण

वर्ष 2003 में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी यह सरकार लगातार 15 वर्षों तक रही उन्हीं 15 वर्षों में विकास की मजबूत अधूरे संरचना का निर्माण हुआ। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में ही इस राज्य ने देश के अव्वल राज्यों में अपना स्थान बना लिया था। राज्य में शिक्षा स्वास्थ्य सड़क रेल मार्ग जैसी बुनियादी अधोसंरचना का निर्माण उसी दौर में हुआ। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही आईआईटी, आईआईएम, एम्स, ट्रिपल आईटी हिदायतुल्लाह विश्वविद्यालय जैसे शीर्ष संस्थान की निर्माण छत्तीसगढ़ में स्थापित किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही राज्य में धान खरीदी की मजबूत व्यवस्था का निर्माण किया ।

### भाजपा सभी वर्गों के लिए कर रही काम

सभी पारदर्शी तरीके से सभी तक राशन की पहुंच सुनिश्चित किया । सबका साथ सबका विकास वाक्यों को चरितार्थ करते हुए छत्तीसगढ़ का विकास किया। आज छत्तीसगढ़ विष्णु देव साय की सरकार की नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिख रहा है। साय के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही हैं लेकिन हमारी सरकार की प्रथमिकता में वे लोग हैं जो आज भी अपने अधिकारों से वंचित हैं। हमारी सरकार प्रदेश के किसानों आदिवासियों, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं के कल्याण के लिए काम कर रही है आप सभी को पुनः राज्य उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की और इस अवसर पर आयोजित रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। यह आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 24 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ लोगों के लिए यह जश्न मनाने का अवसर है साथ ही यह भूतपूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करने उन्हें धन्यवाद देने का अवसर भी है।

इस अवसर पर जिलाधीश तूलिका प्रजापति, जिला पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, पूर्व संसदीय सचिव, संजीव साह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव गीता घासी साहू, जिला पंचायत सदस्य राधिका अंघारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहला लगनू राम चंद्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मांडवी, भाजपा जिला अध्यक्ष मदन साहू, जिला महामंत्री भाजपा नम्रता सिंह, खोरबहरा यादव, दिलीप वर्मा, रतन तारम, गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंगी, संदीप श्रीवास्तव, विनय जैन, दुर्ग जिला भाजपा कार्यकर्ता मंत्री मनोज सोनी, दुर्ग अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू एवं बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, जिलावासी उपस्थित थे।



# स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी हो काम: लालेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

स्वर्गीय दाऊ रामचंद्र शासकीय महाविद्यालय रानीतराई निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता व रानीतराई सरपंच निर्मल जैन को प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा से शासकीय कालेज जनभागीदारी विकास एवं प्रबन्धन समिति का अध्यक्ष जिला कलेक्टर दुर्ग के निर्देश पर किया गया है। स्वर्गीय दाऊ रामचंद्र शासकीय महाविद्यालय रानीतराई के प्रथम अध्यक्ष मनोनित होने पर कालेज प्राचार्य डॉ. आलोक शुक्ला ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। उसके उपरांत नवनियुक्त अध्यक्ष निर्मल जैन ने कॉलेज में नई जनभागीदारी विकास व प्रबंधन समिति के लिए अंचल के वरिष्ठ नागरिक, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सदस्य मनोनीत कर कार्यकारिणी की सूची कालेज प्रबंधन को सौंपते हुए अपने मनोनयन के लिये दुर्ग जिला प्रभारी मंत्री व छग शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, दुर्ग जिला भाजपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा एवं दक्षिण पाटन भाजपा मण्डल अध्यक्ष लालेश्वर साहू के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि रानीतराई में शासकीय महाविद्यालय लंबे लड़ाई व संघर्ष के बाद मिली है। वे महाविद्यालय में छात्रों के हित के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे और शैक्षणिक गुणवत्ता पर जोर देते हुए शैक्षणिक संसाधन पर्याप्त हो , बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए अच्छा माहौल मिले। बेहतर वातावरण डेवलप हो इस पर पूरा ध्यान रहेगा साथ ही संस्कारित शिक्षा और नई शिक्षा नीति के साथ स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी काम हो प्रयास किया जाएगा। निर्मल जैन ने अपने नई कार्यकारिणी की भी सूची प्राचार्य को सौंपे जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता शरद बघेल कुर्मीगुंडरा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज साहू रानीतराई पत्रकार, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जनपद सदस्य सुरेश बंछोर करेला, भाजपा नेता पूर्व मंडल महामंत्री प्रमोद जैन सुरपा, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वर यादव बोरेंदा, जनपद सदस्य रवि सिन्हा निपानी, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री श्रीकांत चंद्राकर डिडगा, पूर्व सरपंच पुरेंद्र साहू चूलगहन, तुला राम साहू कौही, हेमंत निर्मलकर असोगा, हीराराम साहू जरवाय, संजय यादव औसर, गोकुल वर्मा झाड़मोखली, उपसरपंच रमेश टंडन असोगा, मनीषा देशलहरा सरपंच पाहन्दा, प्रेमलता चंद्राकार डिडगा, भगवती साहू असोगा, युवा भाजपा नेता लुभम बंछोर डिघारी, युवा तरुण देवांगन रानीतराई , वरिष्ठ पत्रकार टिकेंद्र वर्मा खर्रा, को कालेज की जनभागीदारी विकास एवं प्रबन्धन समिति के लिए सदस्य मनोनीत किया गया है। सभी मनोनित सदस्यों ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं सहित नवनियुक्त शासकीय महाविद्यालय रानीतराई के मनोनीत अध्यक्ष निर्मल जैन के प्रति आभार प्रकट करते हुए संकल्पित मन से अपने दायित्व को निर्वहन करने की बात कही है।

- शासकीय महाविद्यालय रानीतराई के प्रथम जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने सदस्यों की सूची की जारी
- क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं सहित युवाओं, महिलाओं, पत्रकार को बनाए सदस्य

# सैनिक बनने पर ग्रामीणों ने किया जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खुड़मुड़ी के हर्ष सिंह चौहान का चयन एसएससी जीडी परीक्षा में भारतीय सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के सिपाही के पद पर पिछले वर्ष हुआ। वर्तमान में जम्मू कश्मीर में प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात भारतीय सैनिक बनकर गृहग्राम वापस होने पर 31 अक्टूबर को जोशीला स्वागत किया गया। जहां ग्राम पंचायत के सरपंच रमा भारती ध्रुव उपस्थित रही। उन्होंने हर्ष सिंह चौहान को बधाई देते हुए कहा कि आपने हमारे गांव का गौरव बढ़ाया है। जिसके लिए हम आपके आभारी हैं आने वाले समय में और युवाओं की फौज तैयार हो यही आशा ग्रामवासियों से करती हूं। मौके पर जवाहरलाल चौहान, सारिका चौहान, त्रिवेणी बाई चौहान, राज सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

# शिव का अर्थ ही सत्य है और सत्य के मार्ग में चलना ही शिव की भक्ति है: पं. सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम अंडा मिलपारा आरा मशीन के पास चल रहे श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन महात्म्य की कथा बताई गई। जिसमें देवराज जैसे ब्राम्हण की मुक्ति मात्र शिवजी के नाम से हो गयी स्कंद पुराण से महात्म्य की कथा ली गई। शिव सरल है सब पर कृपा करते हैं, बिन्दुग ब्राम्हण को तार दिए, महादेव शिव महापुराण की कथा इसलिए भी सबसे विशेष है क्योंकि इसे स्वयं महादेव ने कहा और महादेव ने ही सुना है इसलिए अत्यंत आनंदमयी कथा है। प्रवचनकर्ता पण्डित सौरभ शर्मा बाबूजी महाराज अरमरी कला वाले के द्वारा कथा में कहा गया कि शिव का अर्थ ही सत्य है सत्य के मार्ग में चलना ही शिव की भक्ति है। आज 6 नवम्बर को सृष्टि वर्णन, अर्धनारीश्वर कथा, 7 नवम्बर सती शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 8 नवम्बर राम जन्म, भस्मासुर कथा, 9 नवम्बर गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर कथा, 10 नवम्बर को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ौतरी, शिव सहस्त्र नाम पूर्णाहुति किया जाएगा। वहीं 10 नवम्बर को सिद्ध रूद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

- अंडा में शिव महापुराण कथा का आयोजन



**कार्यालय ग्राम पंचायत बोरी वि.खं. धमधा जिला दुर्ग छ.ग.**

क्र./ 65 / ग्राम पं / 2024-2025 — बोरी दिनांक 29/10/2024

**20 नग व्यावसायिक परिसर का आबंटन**

कार्यालय सयुक्त संचालक छ.ग. राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड संभागीय कार्यालय नई गंज मंडी धमधा रोड दुर्ग के पत्र क्रमांक / बोर्ड / निर्माण / बोरी व्यावसायिक / 2023-2024 / 2862 दुर्ग दिनांक 17/10/2024 के द्वारा तहसील कार्यालय के अन्दर 20 नग व्यावसायिक परिसर को ग्राम पंचायत बोरी को अधिपत्य में सोपा गया है जिसे आबंटन करने हेतु ग्राम पंचायत बोरी कि मासिक बैठक दिनांक 28/10/2024 प्रस्ताव क्रमांक 2 में निम्नलिखित शर्तों के साथ आबंटन करने हेतु सर्व सम्मति से निर्णय लिया है।

1. उक्त व्यावसायिक परिसर आबंटन हेतु आवेदन सादे कागज में पूर्ण पता सहित आमानत राशी 30000 अक्षरी तीस हजार रूपये का F D. या नगद ग्राम पंचायत बोरी में जमा करना होगा। 2. आवेदक या आवेदक का परिवार ग्राम पंचायत बोरी का बकाया दार न हो। 3. आवेदन जमा करने कि अंतिम तिथी 15/11/2024 तक कार्यालीन समय में होगा। 4. परिसर प्राप्त करता को प्रति माह 500 रुपये किराया ग्राम पंचायत बोरी में देना होगा। 5. परिसर प्राप्त करता स्वयम के व्यय से बिजली कि व्यवस्ता करे गा तथा परिसर में अनावश्यक तोड़ फोड़ नहीं करेगा। 6. आवेदक या आवेदक के परिवार को पूर्व में ग्राम पंचायत बोरी के दुकान प्राप्त न हो और न ही पंचायत पदा आधिकारी के रिश्तेदार हो। 7. दुकान प्राप्त करता 8 दिवस के अन्दर दुकान संचालित कर 50 रूपये के स्टाम पेपर में इकरार नामा ग्राम पंचायत बोरी को देना होगा। 8. परिसर प्राप्त करता को बीच-बीच में शासन या ग्राम पंचायत बोरी के द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन करना होगा। 9. आवेदन कोई भी महिला या पुरुष भारत देश का निवासी कर सकता है। 10. किसी भी विवाद की स्तिथि में दुकान आबंटन निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत बोरी के पास सुरक्षित रहेगा।

सरपंच
ग्राम पंचायत बोरी वि.खं. धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

# विज्ञान मेला और नाटक प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाष नगर अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा दुर्ग से सीडब्ल्यूएसएन कैटेगरी में सोमेश साहू कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान, आर्यभट्ट विज्ञान क्लब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा के लिए रोहन कुमार देशमुख कक्षा बारहवीं विज्ञान, शिक्षण सह निर्माण सामग्री में रेणुका चंद्राकर व्याख्याता भौतिकी ने दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। जिसमें आर्यभट्ट विज्ञान क्लब को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा दुर्ग, व्ही पद्मावती, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंडा विजय लक्ष्मी राव व समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दिए।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### पावरहाउस अंडर ब्रिज चौक पर दुर्घटना का अंदेशा

**भिलाई।** पावरहाउस अंडरब्रिज चौक डेंजर प्वाइंट के रुप में चर्चित हो रहा है। यहां लाइट की कमी और मार्ग ऊपड़ खाबड़ होने से ट्रैफिक दुर्घटनाजन्य बना रहता है। व्यवसायियों ने बताया कि अंडरब्रिज साइड में फुटओवरब्रिज डिस्मेंटल करने के बाद फाउंडेशन स्थल को पांच साल बाद भी समतल नहीं कराया गया है। इस कारण वाहनों के आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। टाउनशिप की ओर से अंडरब्रिज से आटो आदि आदि पावरहाउस आने के दौरान बीच में बंद हो जाने से जाम लग जाता है। यहां स्ट्रीट लाइट की रौशनी कम होने से भी अंधेरे से अवाजाही में परेशानी रही है। लोग पांच स्ट्रीट लाइट की मांग क रहे हैं। साथ ही फुट ओवरब्रिज के तोड़े गए फाउंडेशन स्थल को समतल किए जाने की भी मांग कर रहे हैं।

### डस्टबीनों का कचरा जलाने से प्रदूषण

**भिलाई।** टाउनशिप में सड़कों और क्रास स्ट्रीट के चौकों पर रखे कई डस्टवीनों के कचरों को जलाने की समस्या बढ़ रही है। सेक्टर 6,7 और सेक्टर 8 आदि में कुछ स्थानों पर रखे डस्वीनों के ओवरफ्लो होने पर कचरे को आग के हवाले किया जा रहा है। इससे दुर्घटना के साथ प्रदूषण भी बढ़ रहा है। आवारा मवेशी जूठन खाने के दौरान झुलस भी रहे हैं।

### जीई रोड किनारे शराब दुकान से बढ़ी दुर्घटनाएं

**भिलाई ।** जीई रोड पर नेहरुनगर में सीएएफ लाइन के निकट शराब भट्ठी स्थित होने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। शराब दुकान के एक ओर रेलवे ट्रैक है तो दूसरी ओर फोरलेन है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि शराब पीकर नशे में लोग रेलवे लाइन और जीई रोड पार करते हुए दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। अब तक कई नशेड़ियों की मौत हो चुकी है। इसके चलते लोग लंबे समय से शराब दुकान हटाने की मांग की रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक शराब भट्ठी को हटाने की जहमत नहीं उठाई गई है। इसकी कीमत लोगों को चुकानी पड़ रही है। नशे में धुत लोग रेलवे लाइन और सड़क पार करते हुए हादसे के शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कोर्ट ने हाईवे या पब्लिक प्लेस के निकट शराह दुकान नहीं होने का आदेश दिया है फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शराब दुकान होने के कारण ट्रेन से हादसे बढने की ओर ध्यानाकर्षण जीआरपी भी कई बार कर चुका है। इसके बाद भी भट्ठी को हटाया नहीं जा रहा है।

# दीपावली में भी कर्त्तव्य निभाते रहे, स्वास्थ्य कर्मियों ने अतिरिक्त अवकाश मांगा

## छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने शासन को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने पैरामेडिकल कर्मचारियों को अतिरिक्त अवकाश अन्य कार्य दिवस की मांग की है। संघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मनोज पिंगुआ और संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रितुराज रघुवंशी को इस संबंध में पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने बताया है कि प्रदेश के सभी विभागों में दीपावली के उपलक्ष्य में दो दिन अधिकारी-कर्मचारियों ने अवकाश मनाया है।

शासकीय अस्पतालों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई है। वैसे भी अस्पतालों में मैनपावर कम है। इसके बावजूद केजुअल्टी के साथ अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों की देखभाल करने स्टाफ नर्स,दवा देने फार्मासिस्ट, दुर्घटना के शिकार लोगों की मल्हम पट्टी करने व टांका लगाने ड्रेसर सहित सभी पैरामेडिकल स्टाफ ने दीपावली की छुट्टी पर ड्युटी कर सुरक्षित प्रसव सहित इमरजेंसी केसेस का पूर्ण उपचार किया है। मांग करने वालों में प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ,प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा,आर डी दीवान, अश्वनी गुर्देकर, अनिल पांडेय उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल ,बी के शुक्ला, अजय परिहार, तुफान अली, सबीना मंसूरी, जाकिर हुसैन, शाहिद हुसैन जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता खिलावन चंद्राकर लक्ष्मीकांत धोटे, जिला अस्पताल दुर्ग अध्यक्ष राघवेन्द्र साहू, नर्सेज प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू राय, तुरकाने, चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष केशव दास बंजारे, नर्सिंग प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक जैकलीन डान संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, संगठन सचिव जी मोहन राव एम पंडैया आदि शामिल हैं।




### 13 महीने का वेतन देने की भी मांग

इन पैरामेडिकल कर्मचारियों को अतिरिक्त अवकाश अन्य कार्य दिवस पर दिया जाना चाहिए। किसी एक त्यौहार की बात नहीं है प्रतिदिन 24घंटे सातों दिन स्वास्थ्य कर्मचारी अपने कार्य पर तैनात रहकर लोगों के जीवन को सुरक्षित,व स्वास्थ्य लाभ देने लगे रहते हैं। सभी प्रमुख त्यौहारों में सभी विभागों के कर्मचारी पूर्ण अवकाश मनाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारी पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित रहते है इसलिए उन्हें वर्ष में 13 माह का वेतन देने की संघ की मांग पर विचार तथा विशेष अवकाश की गहन समीक्षा करनी चाहिए।

## गुरु खुमान साव के नाम पर चेले दुष्यंत को मिलेगा सम्मान

# तीन प्रतिभाशाली व्यक्तित्व होंगे सम्मानित

*छत्तीसगढ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी में आयोजित समारोह में दुर्ग जिले के तीन प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का सम्मान होगा। छत्तीसगढ की लोककला परंपरा को स्थापित करने वाले स्वर्गीय खुमान साव सम्मान से उनके शिष्य रहे दुष्यंत हरमुख को नवाजा जाएगा। वहीं महिलाओं को सशक्त दिशा में काम करने में प्रेरित करने वाली सतनामी महिला जागृति समिति की पार्वती ढीढी को मिनी माता सम्मान मिलेगा। नगपुरा की चित्ररेखा सिन्हा को बहादुर कलारीन सम्मान दिया जाएगा। राजधानी रायपुर में 6 नवंबर को सम्मान समारोह आयोजित है।*

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ की लोककला पंरपरा को जिस गुरु ने स्थापित किया उसी के नाम का पुरस्कार उनके शिष्य लोक संगीतकार दुष्यंत हरमुख को मिलने जा रहा है। दुष्यंत को राज्योत्सव के मौके पर लोक कला क्षेत्र के लिए स्व. खुमान साव राज्य अलंकरण पुरस्कार से नवाजा गया है। भिलाई निवासी दुष्यंत लोक संगीत के संयोजन में अपने गुरु के पारंपरिक विरासत को रंग झरोखा संस्था के माध्यम से आगे बढ़ा रहे हैं। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था चंदैनी गोंदा, लोकरंग, कारी, गम्मतिहा, हरेली, रंग सरोवर, चिन्हारी आदि में बांसुरी वादन व गायन की प्रस्तुति दे चुके दुष्यंत का कहना है कि छत्तीसगढ़ के महान संगीतकार महासिंह चंद्राकर और खुमान लाल साव का सानिध्य मिलने के बाद उनके जीवन में एक नया मोड़ आया। इससे पहले वे छोटे-छोटे संस्थाओं में बांसुरी वादन करते थे लेकिन इनके संपर्क में आने के बाद सही मायने में उनकी संगीत यात्रा शुरू हुई, जो अब तक जारी है। जब भी कहीं आयोजन होता है तो इन दोनों संगीतकारों को जरूर नमन करता हूं।

## समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिवर्ष होता है चयन

### 13 साल की उम्र में संगीत सीखा



दुष्यंत हरमुख महज 13 साल में ही गीत-संगीत की तरफ रूख किया। उन्होंने रामायण से अपनी कला यात्रा शुरू की। आगे मौका मिलता गया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।इंदिरा गांधी कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से सितार में डिग्री हासिल की। न केवल सितार बल्कि बांसुरी और हारमोनियम का बेहतर वादन करते हैं। इसके अलावा गायन में भी वे पारंगत हैं। आकाशवाणी व दूरदर्शन से सुगम संगीत व लोक संगीत में उधा श्रेणी के मान्य कलाकार हैं।

### इन फिल्मों में संगीत दे चुके दुष्यंत

दुष्यंत हरमुख छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म माया देदे माया लेले, तोर मया के मारे, कारी, मया के बांटा, मया देदे मयारू, सजना मोर, बैरी के मया, अबढ़ मया करथों, मोर मन के मीत आदि फिल्मों में संगीत दे चुके हैं। उनका मानना है कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। यहां के लोगों को प्रतिभा निखारने का मौका मिले तो निश्चित रूप से वह देश के बड़े कलाकारों में शुमार हो सकते हैं। अपनी कला यात्रा को वे स्वयं इसका उदाहरण बताते हैं।

### कलाकारों में नहीं है सीखने की ललक

हरमुख का कहना है कि अब कलाकारों में सीखने की ललक पहले की तरह नहीं दिखाई देती। लोक संगीत के गुरु महासिंह चंद्राकर और खुमान लाल साव के साथ बिताए पल को याद करते हुए वे कहते हैं कि पहले कई कई घंटे तक रियाज चलता था। एक गीत के लिए कई घंटे तक अभ्यास होता था। यह इसलिए होता था क्योंकि तब सीखने की ललक कलाकारों में रहती थी। समय परिवर्तन के साथ अब इसमें कमी भी आती जा रही है।

### छत्तीसगढ़ी फिल्म में संगीत निर्देशन

कई छत्तीसगढ़ी फिल्मों में संगीत का निर्देशन कर चुके बांसुरी वादक दुष्यंत हरमुख कहते हैं कि छत्तीसगढ़ी गीत हो, लोक गीत हो, संगीत हो या भाखा, बोली हो पूरे देश में इससे बेहतर कहीं भी नहीं है। छत्तीसगढ़ी गीतों और संगीत को नई ऊंचाइयां देने में निश्चित रूप से हमारे पुरोधाओं का बहुत बड़ा योगदान है। हरमुख एक तरफ तो छत्तीसगढ़ी गीत संगीत के निरंतर नए आयाम को छूने के चलते उत्साहित है, वहीं इस बात को लेकर चिंता भी व्यक्त करते हैं कि कई जगहों पर छत्तीसगढ़ी गीत और संगीत के नाम पर फूहड़ता भी परोसी जा रही है।

### भविष्य उज्जवल

दुष्यंत हरमुख का मानना है कि छत्तीसगढ़ी कलाकारों का भविष्य उज्जवल है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में कई पर्यटन स्थल है जिन्हें लेकर फिल्मों का निर्माण चल रहा है। आगे भी इस क्षेत्र में बहुत संभावनायें है। इसमें छत्तीसगढ़ के कलाकारों को निश्चित रूप से उचित अवसर मिलेगा और वे अपनी प्रतिभाओं को देश और दुनिया तक पहुंचाने में कामयाब होंगे।

## सतनामी महिला जागृति समिति भिलाई को आज मिलेगा मिनी माता सम्मान

संगीता मिश्रा ▶▶| भिलाई



राज्योत्सव में आज छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित राज्य अंलकरण समारोह में मिनी माता सम्मान (महिला सम्मान) 2024 के लिए संस्था सतनामी महिला जागृति समिति भिलाई को सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें पिछले 9 सालों से लगातार अध्यक्ष दुर्ग बोरसी निवासी पार्वती ढ़ीढ़ी 1989 से अनेक सेवाकार्यो में निरंतर लगी हुई है। संस्था द्वारा लघु भारत के रूप में विख्यात भिलाई नगर में विभिन्न वर्ग व जातियां की महिलाओं को विभिन्न स्तर पर समानता व उत्थान की दिशा निर्धारित करने की दृष्टि से वर्ष 1989 में सतनामी महिला जागृति समिति भिलाई का गठन किया गया। वर्तमान में समिति में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष 300 महिलाएं जुड़ी हुई है, सभी सदस्य पूर्ण शिक्षित है व नारी उत्थान के क्षेत्र में कार्य कर रही है।



### सन 1989 में हुआ गठन, 2010 में कराया पंजीयन

समिति की अधयक्ष पार्वती ढ़ीढ़ी ने बताया कि मिनी माता को आदर्श मानकर महिला जागरण के प्रति विचारों को आत्मसात करते हुए सतनामी महिला जागृति समिति भिलाई का गठन 1989 में किया गया था जिसका पंजीयन 2010 में हुआ। समिति का मुख्य उद्देश्य महिला उत्थान और हिंसा पीड़ित महिलाओं का सहयोग कर उन्हें समाज में अधिकार व सम्मान दिलाना है। घरेलू हिंसा या अन्य प्रकार से पीड़ित महिलाओं की सभी प्रकार से मदद कर उन्हें सक्षम बनाने का कार्य समिती दवरा किया जाता है। श्रीमती पार्वती ने बताया कि समिति शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य करते हुए छात्र को नीट एग्जाम की कोचिंग करने आर्थिक मदद की, जिसके चलते आज अपनी डाक्टर की पढ़ाई कंप्लीट कर डॉ प्रदीप खूटे शासकीय अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे है।

### मिनी माता की जयंती व पुण्यतिथि पर करते हैं सहयोग

समिति द्वारा समाज व महिलाओं की आदर्श रही मिनी माता की याद में 11 अगस्त को उनकी पुण्य तिथि पर समिती द्वारा छात्रावास व वृद्धाआश्रम सहित अनेक जरुरतमंदों की आर्थिक मदद करते हुए जरुरत के समान वितरण और उनकी जयंती के अवसर पर 13 मार्च को समाज के शादी के 40-50 साल निभाने वाले बुजुर्ग दंपती का सम्मान करते है। साथ ही 15 वर्षो से क्षेत्र के किसी परिवार में गमी होने पर उस जरुरतमंद परिवार को 11 हजार का आर्थिक सहयोग भी करते रहे है। समिति की सभी सदस्यों और सतनामी समाज ने छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त किया है।

### राज्योत्सव से छत्तीसगढ़ की संस्कृति देश दुनिया में फैलेगीः सांसद अग्रवाल



**दुर्ग।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय दुर्ग में जिला स्तरीय राज्योत्सव शुरु हुआ। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों में विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशिष्ट अतिथि थे। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तीव्र गति से विकास की राह पर लेकर जा रही है। छत्तीसगढ़ के नौजवान देश-दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या की जन्म भूमि, सीमेंट, अभ्रक, पानी प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है, 42 प्रतिशत वनों से आच्छादित है हमारा छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ की धरती खनिज और वन संपदा से पूरिपूर्ण है। लोगों के जीवन में खुशहाली लाना यह हमारा दायित्व है। छत्तीसगढ़ में 15 सालों तक सिंचाई, पानी, प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला है और निरंतर मिलता रहेगा। छत्तीसगढ़ के लोगों की तकदीर बदल गई है। प्रदेश सरकार ने पीएम नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मान से धान की खरीदी की है। जिसकी रौनक हमारे शहरों में भी देखने को मिली। प्रधानमंत्री जी ने माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी, यह गारंटी भी पूरी कर दी गई है। माताओं और बहनों को हर महीने एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति दी गई। जनता के विश्वास के आधार पर सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

## चाकू व कटरबाजी में पांच घायल

**भिलाई।** भिलाई शहर के पांच थाना क्षेत्रों में चाकूबाजी की घटना हुई है। घटना में पांच लोग बुरी तरह जख्मी है। इसमें अपराधी घटना को अंजाम नशे की हालत में किया है। इस्तेमाल किए जाने वाला हथियार कटर और चाकू है। जिसमें किसी का हाथ कटा, किसी का पूरा चेहरा कटा तो किसी का पीठ काट दिया गया। पुलिस सभी मामले में केस दर्ज कर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस किसी भी आरोपी को अब तक पकड़ नहीं पाई है। खुर्सीपार थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते तेलहा नाले के पास नरसिंह कुर्रे नामक युवक ने विराज साहू पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में उसके पीठ हाथ में कटर से कई वार कर फरार हो गया। सुपेला थाना क्षेत्र में इंदिरा नगर में सोमवार रात कुछ युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला किया। घायल की पहचान गोकुल के रूप में हुई है। घायल गोकुल के मुताबिक अरमान, शेखर, धरम और माधव ने मिलकर उस पर जानलेवा हमला किया है। दुर्ग जिला मुख्यालय में कोतवाली थाना क्षेत्र में दो जगहों पर कटर चलने की वारदाते हुई है। दो युवक घायल हैं। थाना खुर्सीपार, जामुल, कोतवाली दुर्ग, सुपेला में घटना हुई है।

# मुक्तिधाम में लकड़ियों की किल्लत दिवंगतों के परिजनों पर भारी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रामनगर मुक्तिधाम में लकड़ियों की किल्लत दिवंगतों के परिजनों पर भारी पड़ रही है। शवों को जलाने के लिए शोकाकुल परिवार के लोगों को भटकना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम प्रशासन सुस्त बना हुआ है। नगर निगम द्वारा रामनगर मुक्तिधाम में शवों के दाह संस्कार के लिए लकड़ियों की सप्लाई का काम ठेके पर दिया हुआ है। मुक्तिधाम में शवों का दाह संस्कार करना मुश्किल होता जा रहा है। दिवंगतों के परिजनों ने बताया कि पिछले पंद्रह बीस दिन से मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ियों का टोटा बना हुआ है। यहां पतली लकड़ियां बिल्कुल नहीं है। सिर्फ मोटी लकड़ियां ही बची हैं। शवों को जलाने के लिए मोटी लकड़ियों के साथ पतली लकड़ियों की भी जरुरत होती है। लेकिन ठेकेदार द्वारा मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ियों के नाम पर सिर्फ मोटी मोटी लकड़ियों की ही सप्लाई की जा रही है। इस कारण दिवंगतों के परिजनों के लकड़ियों के लिए भटकना पड़ रहा है । कई परिजन तो बाहर से पतली लकड़ियां ला रहे हैं। मोटी लकड़ियों से चिता पूरी नहीं जल रही है या फिर अधिक समय लग रहा है। इससे दिवंगतों के परिजनों का दुख और परेशानी अधिक बढ़ने के साथ अधिक समय तक रुकना पड़ रहा है। लेकिन वैशालीनगर जोन सहित नगर निगम प्रशासन बेसुध है।





### रोज लाए जाते हैं पंद्रह शव

रामनगर मुक्तिधाम में रोज दस से पंद्रह शवों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था है। पटरीपार क्षेत्र में यह एकमात्र मुक्तिधाम है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि एक शव को जलाने के लिए लगभग तीन क्विंटर लकड़ी की जरुरत पड़ती है। इसके साथ छेना का भी उपयोग होता है। लेकिन पर्याप्त व पतली लकड़ियों की सप्लाई नहीं होने से संबंधितों को परेशानी हो रही है। बरसात के मौसम में भी लोग गीली लकड़ियों की सप्लाई होने से परेशान रहे। अपने दिवंगत परिजनों का अंतिम संस्कार करने आए लोगों ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल समस्या का निदान कर शोकाकुलों को राहत दिलाने की जरुरत है।

## 150 निवेशकों में 75 का हुआ चेक बाउंस, गिरफ्तारी से निवेशकों में जागी आस

# चेक बाउंस वाले निवेशक भी पहुंच रहे हैं डॉ. खंडूजा के खिलाफ थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- 19 .41 करोड़ ठगी मामले में गिरफ्तार हैं
- अपोलो बीएसआर अस्पताल के पूर्व डॉयरेक्टर थे

अपोलो बीएसआर अस्पताल के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ एमके खंडूजा ने सैकड़ों की संख्या में भिलाई-दुर्ग के लोगों से ठगी किया। इसमें 150 निवेशको में 75 को रुपए निकालने चेक दिया गया था। उनके चेक बाउंस हो चुके है। पुलिस ने जब डॉ एमके खंडूजा को गिरफ्तार करने के बाद निवेशकों में रुपए मिलने के आस में थाना और चौकी के चक्कर काट रहे है। इन निवेशकों को रुपए मिलने की आस जाग गई है। अब तक पुलिस डॉ एमके खंडूजा मामले में पुलिस शिकायत सभी का लेकर जांच करना शुरु कर दिया है। आने वाले दिनों में पुलिस डॉ खंडूजा के ठगी मामले में बड़ा खुलासा भी हो सकता है। पुलिस ने एमके खंडूजा को बीते दिनों 19.41 करोड़ के ठगी मामले में कलकत्ता से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं डॉ खंडूजा की मुश्किले कम होने का नाम नहीं ले रही है बल्कि लगातार उनकी परेशानी बढ़ती ही जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक स्मृति नगर पुलिस चौकी में करीब डेढ़ सौ निवेशकों ने डॉ खंडूजा के खिलाफ शिकायत किया है।



अस्पताल को बेचने से पहले कई महीनों तक एमके खंडूजा ने डॉक्टर से लेकर नर्सिंग स्टॉफ तक को वेतन देना बंद कर दिया था। सभी कर्मियों को सिर्फ आश्वासन दिया जाता था कि वेतन जल्द मिलेगा। इसी आस में कर्मियों द्वारा काम किया जाता रहा है। इसके अलावा कर्मियों के वेतन से कटने वाली पीएफ की राशि को कर्मचारी भवष्यि निधि कार्यालय में जमा तक नहीं किया गया। बल्कि जुलाई 2016 से नवंबर 2018 तक का अंशदान जमा नहीं किया। डॉ. मनमोहन खंडूजा ने अपने कर्मियों का पीएफ राशि करीब 6 करोड़ 66 लाख 11 हजार 404 रुपए कार्यालय में जमा तक नहीं किया।

### ब्याज देने के बहाने दिया था चेक

बताया जा रहा है कि डॉ एमके खंडूजा ने निवेशकों को ब्याज की राशि के एवज में चेक भी दिया लेकिन बाउंस होने के बाद निवेशक भडक गए। तब तक डॉ खंडूजा अपने अस्पताल को बेचकर शहर छोड़कर फरार हो गए थे। इस दौरान निवेशक आरोपी डॉ खंडूजा को खोजते रहे लेकिन इस बीच छावनी पुलिस थाने में इंजीनियरिंग कालेज के संचालक ने 19.41 करोड़ रुपए का ठगी के मामला छावनी पुलिस ने दर्ज किया। एसीसीयू और छावनी पुलिस ने मशक्कत के बाद डॉ खंडूजा को पकड़ कर लाया गया। इस ठग के लाने के बाद जैसे ही लोगों को जानकारी हुई कई निवेशकों को दिए गए। मगर वो निवेशक भी थाने पहुंचकर शिकायत कर रहें है।

### संपत्ति को जब्त भी किया जा सकता है



"पुलिस जांच कर मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी की संपत्ति को जब्त कर सकती है। यदि संपत्ति आय से अधिक पाई जाती है तो आर्थिक अपराध ब्यूरों भी कार्रवाई कर सकती है। इसके अलावा चिकित्सक का लाइसेंस भी निलंबित किया जा सकता है। पुलिस आरोपी पर धारा 419, 42, 467, 468, 471, 120 बी , 201, 34 के तहत भी कार्रवाई कर सकती है। आवेदक अपनी लिखित शिकायत देकर थाना और चौकी से पावती जरूर ले। इसके अलावा आवेदक अपने अधिवक्ता के माध्यम से धारा 156 (3) सीआरपीसी, धारा 178 बीएनएस के तहत कोर्ट में आवेदन कर सकता है।

**ज्ञानप्रकाश दांडेकर**, अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 6 नवंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



स्वीडन के टाइगर

## लाइव इवेंट

### गुरु नानक देव के उपदेशों का संदेश देने निकाली जा रही प्रभातफेरी



**भिलाई।** गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जन देवजी हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में सिख संप्रदाय के संस्थापक आराध्य प्रथम गुरु नानक देव की 555वीं जयंती को धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके लिए प्रतिदिन सुबह 4 बजे से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। यह प्रभातफेरी गुरु नानक जयंती तक अनवरत जारी रहेगी। प्रभात फेरी प्रतिदिन गुरु साहिबान को अपने निवास में आमंत्रित करने वाले श्रद्धालु परिवारों के निवास पर जा रही है जहां गुरुनानक देव के संदेशों व उनकी महिमा का गुणगान कीर्तन के माध्यम से किया जा रहा है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष जसबीर सिंग ने बताया कि 15 नवंबर को गुरुनानक जयंती मनाई जायेगी। नानक देव के संदेशो को जन जन तक पहुंचाने 3 नवंबर से 14 नवंबर तक विभिन्न क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

इस दौरान गुरु साहिब से वैश्विक एकता के साथ विश्व में आरोग्य व कल्याण और सर्वत्र का भला होने की अरदास भी की जा रही है। जिसमें कालोनी के अनेकों श्रद्धालु शामिल होकर गुरुनानक देव के दिए हुए संदेशों के कीर्तन गाकर उनके दिए उपदेशों को जीवन में आत्मसात करने का प्रण प्रतिदिन ले रहे हैं।प्रतिदिन की प्रभात फेरी का समापन वापस गुरुद्वारे में पहुंचकर हो रहा है। समापन पर सभी श्रद्धालुओं में कड़ाह प्रसाद एवं नाश्ते का वितरण किया जा रहा है।



## सिटी इवेंट

### सत्यार्थ प्रकाश जीवन को प्रकाशित करता है: डॉ अभिषेक



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के शिक्षकों को डॉ अभिषेक प्रसाद मौर्य ने सत्यार्थ प्रकाश भेंट किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश की रचना सत्य का प्रकाश फैलाने के लिए की थी। सत्यार्थ प्रकाश में शंकाओं का समाधान है। धार्मिक रीति रिवाज पर परंपराओं के सत्य स्वरूप की चर्चा की गई है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सहित सभी धर्म पंथो के सत्य विचारों पर इस ग्रंथ में चर्चा की गई है। धर्म जीवन को प्रकाशित करता है।

#### सत्यार्थ प्रकाश क्या है

आचार्य डॉ. अजय आर्य ने सत्यार्थ प्रकाश का परिचय देते हुए कहा कि सत्यार्थ प्रकाश में चौदह समुल्लास अध्याय हैं। इस ग्रंथ में बाल-शिक्षा, अध्ययन-अध्यापन, विवाह एवं गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास-राजधर्म, ईश्वर, सृष्टि-उत्पत्ति, बंध-मोक्ष, आचार-अनाचार, आर्यावर्तदेशीय मत मतांतर पर विचार किया गया है। ऋषी दयानन्द आधुनिक विश्व के प्रथम विचारक हैं जिन्होंने सत्यार्थ प्रकाश में सबके लिए अनिवार्य व निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा का सिद्धांत रखा था। निःशुल्क शिक्षा प्रणाली का प्रयोग किया। स्वामी दर्शनानंद एवं स्वामी श्रद्धानंद ने गुरुकुल की स्थापना करके इसका एक आदर्श स्वरूप संपूर्ण विश्व के समक्ष रखा था।

#### सत्यार्थ का प्रकाश जीवन को प्रकाशित करेगा

स्वामी दयानंद सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश में कृषक व श्रमिक आदि राजाओं के राजा हैं। कृषकों व श्रमिकों का समाज में सम्मान का स्थान है । स्वामी दयानंद सरस्वती ने कृषकों और श्रमिकों को अत्यंत सम्मान के साथ स्मरण किया था। स्वदेश एवं स्वतंत्रता पर अलख जगाने वाला ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश है। सत्यार्थ प्रकाश धार्मिक आस्था परंपरा और भारतीय सत्य को समझने में मदद करता है। सत्यार्थ का प्रकाश जीवन को प्रकाशित करेगा।



इस अवसर पर प्राचार्य सुष्मिता दास, व्याख्याता संगीता गोस्वामी, रश्मि त्रिवेदी,सपना सिंह, स्नेहल दावड़ा, नम्रता सिंह, खुशबू पांडे, रश्मि सिंह, और अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

● आज खरना के बाद होगी 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुवात, बाजारों में बढ़ी रौनक

# लोकपर्व छठ पूजा शक्ति की भक्ति ही नहीं सामाजिक समरसता का भी देती है बड़ा संदेश

लोकपर्व छठपूजा पर लघुभारत के नाम से जाने जाने वाले भिलाई में लघु कुंभ का नजारा दिखाई देता है। तालाबों के घाट पर मिनी बिहार और यूपी की झलक शक्ति की भक्ति ही नहीं सामाजिक समरसता का भी संदेश देती है। इसकी वजह भिलाई में दोनों प्रांतों के बसे लाखों लोग दिवाली की तरह छठ पर्व मनाते हैं। इस महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की असीम आस्था की विशेषता यह है कि भगवान दिवाकर और छठी मईया उनके सभी मनोरथों को पूरा करते हैं। यही कारण है कि यूपी बिहार के यहां निवासरत लोगों की तरह उनकी संस्कृति को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जातियों के कुछ लोग भी यह लोकपर्व मनाते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि सभी तीज त्योहार परिवार की खुशहाली के लिए होते हैं, सभी में भगवान की कृपा होती है लेकिन चार दिनों तक मनाया जाने वाला छठ पर्व लोक परंपरा के साथ मनोरथों के लिए भी जाना जाता है। जिनकी मनोकामना पूरी होती है, वे छठ पूजा पर वेदी में गन्ने का मंडल सजाकर कोशी भरकर विधिविधान से पूजा करते हैं। यह पर्व मनाते हुए कई लोगों की मन्नतें पूरी हुई हैं।

### मनोरथ होती है पूरी- कविता



वसुंधरा नगर भिलाई तीन की कविता पांडे बताती हैं कि छठ पूजा के त्योहार के लिए हमारा पूरा परिवार सालभर प्रतीक्षा करता है। हम यह पर्व दिवाली की तरह मनाते हैं। जो पूरी श्रद्धा से इस दिन व्रत रखकर पूजा करते हैं,छठी मईया उनके सभी मनोरथ पूरे करती हैं। तीज त्योहार हमारी संस्कृति हैं और सभी देवी देवताओं की कृपा सभी पर बनी रहती है। इसी तरह छठ पूजा पर व्रत रखने से हमारा पूरा सुखमय जीवन गुजार रहा है। मनोरथ पूरा होने पर कोशी भी भरते हैं।

### परिवार पर छठी मइया की है कृपा-सरोज



साकेत नगर कोहका कुरुद में निवासरत सरोज दुबे के लिए छठ का त्योहार धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता का भी पर्व है। बताती हैं कि छठपूजा मनोरथों को पूरा करने के लिए भी जाना जाता है लेकिन सभी त्योहार लोकमंगल की भावना से जुड़े होते हैं। हमारे पूरे परिवार पर भगवान दिवाकर और छठी मईया की छाया सदैव बनी रहती है। इस पर्व पूरा परिवार कठोर व्रत रखता है। यह पर्व पूरी आस्था और पवित्रता के साथ मनाया जाता है। चार दिन तक चलने वाला छठ नहाय खाय के साथ शुरु हो गया है।

### मेलजोल का संदेश- जानकी



सेक्टर 1 की जानकी चौधरी बताती हैं कि दीपावली के बाद छठ का त्योहार दोहरी खुशी लेकर आता है। यह पर्व भी परिवार की सुख, शांति और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। भगवान सूर्य देव की कृपा से परिवार में खुशहाली है। यदि लोग मन से छठ पर व्रत रखें और पूजा करें तो बिना मांगे ही , उनके मनोरथ पूरे हो जाते हैं। ऐसे हमारा विश्वास है। छठ पूजा आपसी मेलजोल के लिए भी जाना जाता है। भिलाई में यूपी बिहार हजारों लोग उल्लास से छठ मनाते हैं।

### कठोर व्रत का मिलता है फल-पूनम



लक्ष्मी नगर मार्केट सुपेला निवासी पूनम गोस्वामी बतातीं है कि आस्था और उल्लास का प्रतीक छठ पर्व हमारी ही नहीं वरन सभी की मन्नतों को पूर्ण करने वाला त्योहार है। यह हमारी सनातन संस्कृति का एकमात्र महापर्व है, जो चार दिन तक मनाया जाता है। निराहार व्रत रखने के कारण ही मनचाही मनोकामना पूरी होने का विश्वास सभी को रहता है। छठ पर ऊगते हुए सूर्यदेव और अस्ताचल में जाते भगवान दिवाकर को अर्घ्य दिया जाता है। यह त्योहार सामाजिक समरता के लिए भी जाना जाता है। शहर के सभी तालाबों में मिनी कुंभ की तरह नजारा लोगों की आस्था और खुशी को दुगुना करता है।

## निभाई नहाए-खाए की परंपरा - लौकी-भात व सात्विक भोजन कर छठ पर्व प्रारंभ

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुवात मंगलवार को नहाय खाय के रस्म के साथ हुई। लोक आस्था का महापर्व का पहला अर्ध्य गुरुवार की शाम को ढलते सूर्य को दिया जाएगा।

संतान के उत्तम स्वाथ्य, सफलता और दीर्घायु के लिए 36 घंटे तक रखा जाने वाला निर्जला छठ व्रत महिला और पुरुष दोनों ही रखेंगे। जिसकी शुरुवात कार्तिक माह के चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाय खाय से की गई। आज दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद व्रत का पारण यानी समापन होगा।

चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुवात पहले दिन नहाय खाय के साथ की गई। इस दिन श्रद्धालुओं ने स्नान कर सूरज देव को जल अर्पित कर चार दिवसीय शुद्धता के साथ व्रत करने का संकल्प लिया। इस दिन शुद्धता के साथ ठेकुवा बनाने के लिए गेहूं को धोकर चींटी, पक्षी आदि से बचाने दिनभर अनाज की देखरेख की। साथ ही घर पर चने की दाल, लौकी की सब्जी, लौकी के पकौड़े सहित चावल आदि प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।





### आज रहेंगे व्रत, शाम को रिसियाव का प्रसाद करेंगे ग्रहण

आज पंचमी तिथि को श्रद्दालु दिन भर उपवास रहकर शाम को खरना की परंपरा को निभाएंगे। जिसमें गुड़ से बनी खीर (रिसियाव) व पूरी आदि का प्रसाद ग्रहण कर व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। खरना की रस्म में लोग अपने घरों में रिसीयाव का प्रसाद ग्रहण करने लोगो को निमंत्रण भी देते है ताकि छठ माता का प्रसाद सभी ग्रहण कर सके।

### व्रतियों के लिए फलदायाक-पं विनोद चौबे

: ज्योतिषाचार्य पं विनोद चौबे, शांतिनगर ने बताया की ज्योतिष के अनुसार यह व्रत महिला व पुरुष कोई भी कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए कर सकते है। बस इस व्रत में छठव्रतियों के लिए शुध्दता जरुरी है। इस व्रत को करने से आत्मबली सूर्य ग्रह संतान को सुदीर्घता प्रदान करते है वहीं धन, ऐश्वर्य और वैभव के ग्रह शुक्र छठव्रतियों को समृद्धि और बुध सौभाग्य प्राप्त होता है।

इस व्रत में ठेकुआ, पूड़ी, सोहारी के साथ ही जमीन के अंदर लगे कंद-मूल जैसे शकरकंद, मूली, शलजम, अदरक व वृक्षों पर लगे फल नींबू, सीताफल, सेव, केला, अनार, नारियल एवं बांस की बहंगी तथा पीतल का सूप आदि का विशेष प्रयोग होता है।

### छठ पूजा का महात्मयः

संतान की दीर्घायु के लिए किया जाने वाला यह सूर्यषष्ठीव्रत अर्थात छठमहापर्व बहुत कठीन व्रत है, इसमें निर्जला व्रत करने का विधान है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के प्रकृतिखंड में छठी मईया को देवसेना कहा गया है। छठी मईया ब्रह्माजी की मानसपुत्री भी हैं। छत्तीसगढ़ में बच्चों के जन्म के बाद छठ्ठी करने की परम्परा है जिसमें बच्चों के जन्म के ठीक छठवें दिन मां देवसेना की पूजा का विधान है, इस पूजा में बच्चे की मां एवं घर की वरिष्ठ महिलाओं द्वारा देवी पूजन की जाती है।

### बाजारों में बढ़ी रौनक

दीपावली के बाद एक बार फिर सभी छोटे-बड़े बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है।लोग छठ्ठ पूजा के खरीददारी के लिए बाजार पहुंचकर पूजा आदि के सभी सामान पहले से ही खरीद रहे है ताकि पूजा के दिन कोई भी छोटी सामाग्री छूट न जाए। इस व्रत में नए वस्त्र धारण करने का विधान है इसलिए महिलाएं अपने लिए साड़ी व पुरुष छोती व गमछा खरीदते हुए दिखाई दिये।

## कार्नर न्यूज

### आंध्र समाज ने निभाई परंपरा, सांप के बिल में की गई पूजा

# नागुला चविति- नाग देवता की पूजा कर महिलाओं ने की सुख, समृद्धि की कामना



**भिलाई।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को दक्षिण भारतीय महिलाओं ने नागुला चविति धार्मिक सद्भाव और विधि-विधान से मनाया। तेलगू समाज द्वारा मंगलवार को व्रती महिलाओं ने सुबह पवित्र स्नान के बाद अपने घर के पास और मंदिर प्रांगण में बांबियों के आसपास के स्थल की साफ-सफाई की और उसके बाद नाग देवता की विधि-विधान से पूजा कर अपने





### बच्चों और परिवार के समृद्धि की कामना की

शांति नगर निवासी टी उमा राजू ने बताया कि इस अवसर पर परिवार की महिलाएं नाग देवता को चढ़ावे के रूप में गाय का दूध, अंडे, तिल्ली और चावल के आटे से बने लड्डू, भिगोई हुई मूंग दाल, नारियल, पान पत्ते, सुपारी, हल्दी, कुमकुम तथा फल अर्पित करते है, जिसमें परिवार के बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग भी शामिल होकर पूजा करते है। पुरैना निवासी केएल कुमारी व अन्य महिलाओं का मानना है कि वे जीवित सांपों को नाग देवता के प्रतिनिधि के रूप में पूजती हैं, जिससे पितृ दोष और राहू के प्रतिकूल प्रभाव से मुक्ति मिलती है, साथ ही संतानों और परिवार का कल्याण भी होता है। नागुला चविति में टाउनशिप विभिन्न स्थानों पर बांबियों में व्रती महिलाओं ने पूजा की। सेक्टर-7, हुडको, खुर्सीपार सहित अन्य स्थानों पर भी व्रती महिलाओं ने नागदेव की पूजा की।

## सिटी इवेंट

# साहित्य परिषद का हुआ गठन पदाधिकारियों ने ली शपथ



**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको में कला एवं साहित्य परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संयोजिका डॉ सावित्री शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारने, जिससे उनमें सृजनात्मक ,रचनात्मक कौशल का सकारात्मक विकास हो सके एवं विभागीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने तथा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से इस परिषद का गठन किया जा रहा है। डॉ सुनीता वर्मा एवं संयुक्ता पाड़ी ने कहा कि विद्यार्थी साहित्य के क्षेत्र में आगे आए, जिससे समाज की जो तस्वीर है ,उसमें अपनी भूमिका को रेखांकित कर सके। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ हंसा शुक्ला ने निर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाई एवं उन्हें परिषद के कार्य एवं महत्व से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन आपके जीवन का सबसे स्वर्णिम काल है। आप अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करे तथा इस मंच का उपयोग कर समाज के प्रति अपनी भूमिका का निर्वहन को प्राथमिकता दे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति विविध आयाम विषय पर मुख्य वक्ता डॉ शमा बेग ने आकर्षक एवं रुचिकर तरीके से समृद्ध एवं विविध सांस्कृतिक परंपराओं का स्लाइड प्रस्तुतिकरण दिया। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। खुशी तथा यशराज ने कविता पाठ एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किया।

### इनको मिली जिम्मेदारी

कला परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष अंजली चौबे, उपाध्यक्ष अब्दुल हामिद, सचिव प्रत्यक्ष शुक्ला, सहसचिव गरिमा साहू, ट्रेजर स्नेहा एवं सदस्य प्रिय परमार, अरबाज, मेघा ठाकुर, मनीष सिंह रहे ।साहित्य परिषद अध्यक्ष नेहा राय, उपाध्यक्ष पल्लवी ठाकुर, सचिव फुल प्रीत कौर, सदस्य आदित्य पांडे ,गुनगुन ठाकुर, खुशी, यशराज शर्मा ,वर्णित ,मोहन नाग एवं आर्यन चुने गए। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम जाह्नवी ठाकुर, द्वितीय मनीष सिंह एवं बबीता कुमारी रही। राखी बाग एवं अनू दुर्गा बीएससी माइक्रो तृतीय स्थान पर रहे । रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रत्यक्ष शुक्ला एवं अंजली चौबे ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर गरिमा रही। कार्यक्रम का संचालन हितेश सोनवानी ने किया।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# स्लो साइकिल रेस में शिक्षकों ने लिया हिस्सा, लगाई एकता दौड़



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में 38वें खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि जीवन में अगर जोश नहीं हो तो व्यक्ति लक्ष्य और सफलता से दूर रह जाता है। विद्यालय का खेल दिवस छात्रों को उत्साह उमंग के साथ-साथ जोश और जुनून के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने का संकल्प दिलाता है। उन्होंने समारोह के मुख्य अतिथि नितिन शर्मा जिला युवा अधिकारी नेहरू केंद्र भिलाई का पुष्प कुछ और टोपी पहनकर स्वागत किया। मंच पर मुख्य अध्यापक कमल सोनी उप्राचार्य पुष्पा बड़ा विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुरेश कुमार तथा मुख्य अतिथि नितिन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य एवं उषा शर्मा ने किया।

### विद्यार्थियों ने किया मार्च पास्ट

मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने कहा कि खेलकूद व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। खेल भावना व्यक्ति को कभी भी निराश होने नहीं देती क्योंकि खिलाड़ी एक जीत को हासिल करने के लिए कई बार हारने को तैयार रहता है। खेल भावना हार को स्वीकार करना सिखाती है। इस अवसर पर खिलाड़ी छात्र- छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। शिक्षक शिक्षकों के लिए रोमांचक मटका रेस एवं स्लो साइकिल रेस का आयोजन किया गया। शिक्षकों के लिए आयोजित स्लो साइकिल रेस प्रथम अल्तमस, द्वितीय टी.एल. साहू , तृतीय आशुतोष सिंह रहे। शिक्षिकाओं के लिए आयोजित मटका दौड़ में बिंदु साहू प्रथम, फरहा हलीम द्वितीय, श्वेता भूरे तृतीय स्थान पर रही ।

## धर्म लाइव

# दुर्ग राज पटेल समाज के अध्यक्ष निर्वाचित हुए गया पटेल

**भिलाई।** मंगलवार को पटेल भवन गया नगर दुर्ग में दुर्ग राज कोसरिया पटेल समाज का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में दुर्ग, उरला, बघेरा सहित 42 गांव के पंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें गया पटेल को 28 मत व मनेंद्र पटेल को 21 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार 7 मतों से गया पटेल विजय घोषित किए गए। विधिवत चुनाव संपन्न कराने प्रदेश संगठन की ओर से चुनाव प्रभारी यज्ञदेव पटेल, दयाराम सूर्यवंशी, नीलकंठ पटेल, द्वारिका प्रसाद पटेल, को अधिकृत किया गया था। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पटेल समाज के पदाधिकारी व पंच खेलू पटेल, मनोहर पटेल, पंच पटेल, भारत पटेल, बजरंग पटेल, विजयंत पटेल, बृजलाल पटेल, भानु पटेल, राजू पटेल, कीर्तन पटेल, अमित पटेल, सूरज पटेल, हरिश्चंद्र पटेल, पीलू पटेल, गोपी पटेल, ऋषि पटेल, रेखालाल फंडू पटेल, कुंजलाल बिसाहू पटेल, किसन लाल, ओंकार पटेल, मन्नू पटेल एवं विभिन्न गांव के पंच व समाज के महिला व युवा उपस्थित थे।

## स्कंद आश्रम में तीन दिवसीय स्कंदाषष्ठी समारोह में उमड़े श्रद्धालु

# जनकल्याण के लिए वेद मंत्रों के साथ शुरु हुआ यज्ञानुष्ठान, मनोरथों को पूर्ण करने की कामना

**भिलाई ।** भक्तिमय वातावरण में सैकड़ों धर्मप्राण जन... भव्य यज्ञ मंडप की वेदी में आचार्य पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच आहुति डालते श्रद्धालु.... और देव आह्वान के साथ लोक मंगल की कामना...। स्कंदाश्रम हुडको में मंगलवार को ऐसा ही आध्यात्मिक माहौल था।

अवसर था तीन दिवसीय स्कंद षष्ठी महोत्सव के श्री गणेश का ।जन कल्याण के उद्देश्य से गुरुवार तक आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान आज से शुरु हो गया। स्कंद षष्ठी महोत्सव के आयोजन का यह 27 वां वर्ष होने के कारण श्रद्धालुओं के आस्था का अतिरेग और धार्मिक उल्लास देखते ही बनता था। तीन दिवसीय महोत्सव का प्रारंभ भक्ति और आस्था के वातावरण में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हुआ। ।सेलम तमिलनाडू से आमंत्रित आचार्य पं. राघवन शास्त्री के नेतृत्व में 14 पंडितों द्वारा यह यज्ञानुष्ठान विधिविधान से संपन्न कराया जा रहा है। स्कंद षष्ठी महोत्सव का प्रारंभ गौपूजा से हुआ। पंडाल के यज्ञ मंडप में पंडितों द्वारा महासंकल्प के बाद गणपति हवन कराया गया। मंत्रोच्चार के साथ देवों के आह्वान के बीच समूचा यज्ञोत्सव मंडप ओम और जय कार्तिकेय की मंगल ध्वनि से गंजू उठा। नवग्रह पूजन के बाद धन्वंतरि हवन हुआ। इसके बाद दुर्गा शक्ति हवन, दृष्टि दुर्गा हवन हुआ। महाआहुति हवन में पंडितों और आश्रम के स्वामियों की समिधा के साथ लोकमंगल की कामना की गई । स्कंद आश्रम की महासचिव गुरु दीदी ने तीन दिवसीय अनुष्ठान को सर्व मंगलमय बताते हुए कहा कि भगवान कार्तिकेय शहर में शांति और प्रेम के साथ सभी के मनोरथ पूर्ण करेंगे। बुधवार और गुरुवार को भी मनोकामनाओं के लिए हवन होंगे। इस पावन अवसर पर आश्रम के संस्थापक मणि स्वामी का भी श्रद्धालुओं ने भावभीना स्मरण किया। मंदिरनुमा पंडाल में भगवान गणेश के धातु प्रतिमा की शरण में स्व, मणिस्वामी का चित्र में रखा गया था।



### सर्व मनोकामना के लिए विशेष हवन



शाम को सर्व मनोकामना के अभीष्ट से विशेष हवन हुआ ।चंडी हवन नामक यह अनुष्ठान पांच घंटे तक चला। दक्षिण भारत से पधारे पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के साथ नव दुर्गा आराधना कर क्रमशह एक एक देवी के रुप में पूजा करवाई। उनकी कृपादृष्टि सब लोगों पर बनी रहे और सभी के मनोरथ पूर्ण हों, इस कामना के साथ आहुतियां डलवाईं। एक घंटे के पारायण के बाद पूर्णाहुति के साथ प्रथम दिन का अनुष्ठान संपन्न हुआ। स्कंद षष्ठी महोत्सव के यज्ञ को विधिवत संपन्न करवाने तमिलानाडू के साथ मैहर, चेन्नै सहित कई राज्यों के आचार्य पंडित पधारे हुए हैं। स्कंद आश्रम के स्वामी श्री रेड्डी, सुश्री जननी सहित बड़ी संख्या में आश्रम से जुड़े श्रद्धालु उपस्थित थे।



### दोष निवृत्ति के लिए हवन

हरिद्रा गणपती हवन कार्यक्षेत्र मे निर्विघ्नता और उच्चस्तरीय व्यापार की संभावनाओं में वृद्धि और सौभाग्य के साथ सम्पन्न हुआ। नवग्रह हवन का उद्देश्य नवग्रह दोष निवृति, मन की शांति अंतरदशा मुक्ति ऋण विमोचन है। वस्तु शांति हवन का अभीष्ट स्थल शुद्धि भूमि संपाति प्राप्ति है। श्री धन्वन्तरी हवन मृत्यु भय निवृति के लिए हुआ ।
श्री दृष्टि दुर्गा हवन हुआ जो सकल दृष्टि निवृति मनोभय निवृति और दीर्घ आयु प्राप्ति हेतू सम्पन्न हुआ ।





## उपलब्धि...

# राष्ट्रीय डे-कम-बोर्डिंग स्कूल छत्तीसगढ़ में रुंगटा पब्लिक स्कूल को मिला प्रथम स्थान

- रुंगटा पब्लिक स्कूल को लगातार तीसरे वर्ष मिला सम्मान




**भिलाई।** रुंगटा पब्लिक स्कूल भिलाई को लगातार तीसरे वर्ष राष्ट्रीय डे-कम-बोर्डिंग स्कूल छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रतिष्ठित और व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त एजुकेशन वर्ल्ड पिछले 17 वर्षों से दिल्ली स्थित प्रसिद्ध बाजार अनुसंधान और जनमत सर्वेक्षण एजेंसी सी फोर के साथ वार्षिक एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग (ईडब्ल्यूआईएसआर) प्रकाशित कर रहा है। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में चलने वाले रूंगटा पब्लिक स्कूल के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2024-25 में इंटरनेशनल डे-कम-बोर्डिंग स्कूल श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर पिछले दो वर्षो की तरह इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान तथा राष्ट्रीय स्तर पर 25वाँ स्थान प्राप्त किया है। यह संस्था देश भर में स्कूली शिक्षा के 18 हजार से अधिक जानकारों और हितधारकों के साथ फील्ड साक्षात्कार पर आधारित दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे गहन स्कूल रेटिंग और रैंकिंग सर्वेक्षण है। यह रैंकिंग 14 विभिन्न मापदंडों के आधार पर की गई। जिनमें शैक्षणिक गुणवत्ता, अध्यापकों की दक्षता, खेल और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उपलब्धियां शामिल हैं। यह सम्मान स्कूल के समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के प्रयासों को दर्शाता है। स्कूल के प्राचार्य राजीव कुमार को 19 अक्टूबर 2024 को अशोक विश्वविद्यालय के कुलपति सोमक रायचौधरी द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी कार्यकर्ताओं, छात्रों और पूरे आरपीएस संस्था की मेहनत और एकजुटता से कार्य करने का फल है कि आज हमें यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है । संस्था के निदेशक, डॉ. साकेत रूंगटा, समूह निदेशक, जवाहर सूरिसेट्टी, उप प्राचार्या अनिंदिता रॉय चौधरी सहित सभी स्टाफ और इस सम्मान को लेकर काफी उत्साहित है।

## आयोजन

# 'पर्यटन मित्र' व 'पर्यटन दीदी' बन लोगों को बताएंगे छग का इतिहास



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय और राज्य पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 'पर्यटन मित्र' और 'पर्यटन दीदी' की शुरुआत प्रदेश में की गई। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को स्थानीय लोगों से जोड़ना है। वे विभिन्न क्षेत्रों में राजदूत व कहानीकार के रुप में अपनी भूमिका निभाएंगे। इसके अंतर्गत प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, बिहार, मिजोरम, राजस्थान के 50 से अधिक शहर जुड़े हैं। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के उपमहाप्रबंधक संदीप ठाकुरने संबोधन में कहा, स्थानीय लोगों को कहानीकार और देखभाल करने वाले के रूप में कार्य करने की आवश्यकता है, जो सशक्त बनकर गंभीरतापूर्वक जिम्मेदारी निभा सकें। पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी प्रशिक्षण कार्यक्रम से लोगों के एक साथ जुड़कर कार्यकरने में मदद मिल रही है।

- प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश आंध्रप्रदेश बिहार, मिजोरम राजस्थान के 50 से अधिक शहर भी हैं जुड़े

### विकास में स्थानीय निवासी महत्वपूर्ण

छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय के प्रबंधक मयंक दुबे ने जानकारी साझा करते हुए कहा, पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी अभियान के अंतर्गत स्वच्छता, सुरक्षा और ग्राहक सेवा में कौशल निर्माण के माध्यम से प्रतिभागियों को सशक्त किया जा रहा। किसी भी पर्यटन स्थल के विकास में स्थानीय निवासियों की बड़ी महत्ता होती है। जिसमें वह यात्रा के शुभारंभ से लेकर अनेक स्थानों में भ्रमण करने के लिए स्थानीय निवासियों से संवाद करता है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि आनंद सरोवर बघेरा में हुआ आयोजन

# ईमानदारी, नम्रता व आदर भाव यह जापानियों की खास विशेषता हैः ब्रह्माकुमारी रजनी बहन



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा में जापान और फिलिपींस की निर्देशिका ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी पहुंची। उन्होंने आनंद सरोवर में उपस्थित भाई-बहनों को जापान में ब्रह्माकुमारी संस्था की ईश्वरीय सेवाओं का अपना अनुभव सुनाते हुए हुए बताया कि जापान में भारत के प्राचीन योग का अत्यंत ही महत्व है और उनकी एक खास विशेषता है। उन्हें योग सिखना हो तो भारतवासी से सीखना चाहते हैं और अंग्रेजी सीखना हो तो अंग्रेजों से सीखना चाहते हैं जापानी भाई-बहनों में ईमानदारी, नम्रता और आदर का भाव देखने को मिलता है वह जब किसी का अभिवादन करते हैं तो झुक कर ही मिलते हैं।



### जापानियों में भरी है देशप्रेम की भावना

जापानियों में देशप्रेम की भावना हर एक में कूट-कूट कर भरी हुई है द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात जब पूरा शहर तबाह हो गया था तब सभी 16-16 घंटे कार्य करते थे और कुछ समय के पश्चात जापान को पुनः पहले से अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचा दिए, वहां हमने देखा भौतिक सुख संसाधन प्रचुर मात्रा में है किंतु जीवन में आत्मिक शांति व खुशी का अभाव है। उनसे कोई व्यापार में ईमानदारी नहीं करते तो वह उनसे व्यापार ही नहीं करते। उनके संविधान में यह बात है कि धर्म का प्रचार नहीं करना है इसलिए वहां ईश्वरीय ज्ञान को देने के लिए मेडिटेशन कैफे बने हुए हैं। वहां हम ईश्वरीय ज्ञान को उनसे बात करते हुए बताते हैं उनको राजयोग मेडिटेशन पूरी तरह सीखने में 7-8 माह लग जाता है क्योंकि हम जो बात करते हैं उसके अनुभूति होने पर ही वे उसे स्वीकार करते हैं।

### विपरित परिस्थितियों में रखी शुद्धता का ध्यान



रजनी बहन ने बताया कि 1954 में जब जापान में सर्वधर्म सम्मेलन में ब्रह्माकुमारी संस्था को आमंत्रित किया गया था तो ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व प्रशासिका दादी प्रकाशमणि व वर्तमान प्रशासिका दादी रतन मोहिनी और साथ में आनंद किशोर भाई शांति के संदेश देने गए थे। वहां विपरीत परिस्थितियों में रहते हुए भी भोजन के शुद्धता का पूरा ध्यान रखा यह हमने बड़ों से सीखा।कार्यक्रम में इंदौर जोन की क्षेत्रीय में निर्देशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी और माउंट आबू से ब्रह्माकुमारी संगीता बहन ने अपने अनुभव साझा किये।इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा बहन, चतुर्भुज राठी, अविराज चावला, ब्रह्माकुमारीज दुर्ग, बालोद, गुण्डरदेही, साजा, देवकर, धमधा के अनुयायी उपस्थित हुए। स्वागत नृत्य कुमारी चंद्राणी युक्ति जागृति लीना और चयन और विवेक भाई ने किया। मंच संचालन ब्रह्माकुमारी रुपाली ने किया ।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### एशियन जूडो चैंपियनशिप हॉंगकॉंग में निर्णायक बने भिलाई के शरीफ़



**रायपुर।** हॉंगकॉंग में होने जा रही एशियाई ओपन जूडो चैंपियनशिप के लिए भारतीय जूडो महासंघ के अंतरराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी शेख शरीफ का चयन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जुडो महासंघ एवं जूडो यूनियन ऑफ़ एशिया के तत्वाधान में हॉंगकॉंग जूडो संघ द्वारा एशियन जूडो चैंपियनशिप 08 से 11 नवंबर 2024 तक माँ ओंन सन स्पोर्ट्स सेंटरङ में आयोजित है। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी और महासचिव एस आर सोनी के हवाले से उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी शेख शरीफ इसके पूर्व में भी एशियाई चैंपियनशिप में तकनीकी अधिकारी का कार्य कर चुके हैं। शेख शरीफ की उपलब्धि पर प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर.के त्रिवेदी, उपाध्यक्ष आर.के शर्मा, सज्जन जिंदल, महासचिव एस.आर सोनी, कोषाध्यक्ष आलोक मिश्रा, प्रदेश संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन, अब्दुल मोएम, लखन साहू, सर्वजीत सिंह बख्शी, पी.किशोर, विजय नाग, भुवन नागे, परमजीत सिंह, गुप्तेश्वर यादव, राजकुमार जायसवाल, किरण शर्मा और श्वेता नाग आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मिनी सब जूनियर राज्य बैडमिंटन में शाश्वत, समीरा हर्षित और वेदिका बने चैंपियन



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में 2 से 5 नवंबर तक आयोजित 23 वीं मिनी सब जूनियर राज्य बैडमिंटन स्पर्धा के फायनल मुकाबलों में दर्शकों को रोमांचक खेल देखने मिला। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि विश्वेश कुमार (अखिल भारतीय वन सेवा) व अध्यक्षता कर रहे सतीश सिन्हा (अखिल भारतीय वन सेवा) ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल में शाश्वत श्री मिश्रा (रायपुर) ने एरिक जसवानी (रायपुर) को 21-11,21-10 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल फाइनल में समीरा राजपूत (रायपुर) ने बृंदा शर्मा (रायपुर) को 21-17,21-23,21-15 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल में हर्षित कुमार (रायगढ़) ने सैयद जयन अली (बिलासपुर) को 15-21,21-19,22-20 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 13 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल में फाइनल में वेदिका एस ग्यानी (दुर्ग) ने श्रीजा दास (दुर्ग) को 21-7,21-11 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग युगल फाइनल में शाश्वत श्री मिश्रा और एरिक जसवानी (रायपुर) की जोड़ी ने पुष्कल देवांगन और रक्षिता यादव (रायपुर) की जोड़ी को 21-4,21-6 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग युगल-फाइनल में समीरा राजपूत और बृंदा शर्मा (रायपुर) की जोड़ी ने सानवी पाल और सेजल वर्मा (दुर्ग) की जोड़ी को 21-17,21-18 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग युगल- फाइनल के परिणाम अरहान खान (रायपुर) और सैयद जयन अली (बिलासपुर) की जोड़ी ने आरुष गुरबाणी और आर्यन रजक (बिलासपुर) की जोड़ी को 21-12,21-12 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 13 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग युगल फाइनल में वेदिका एस ग्यानी और श्रीजा दास (दुर्ग) की जोड़ी ने शानवी गुप्ता (रायपुर) ओर तिथि जिंदल (दुर्ग) की जोड़ी को 21-14,13-21,22-20 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

### एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट के लिए अंडर-14 टीम घोषित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा 6 से 20 नवंबर को अंडर 14 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सीएसबी द्वारा अंडर 14 की टीम घोषित की गई है। जिसमे आरुष कापसे, अंश कोरी, यश शर्मा, आरुष सिंह, राजवंश भाटिया, मनन ठक्कर (विकेट कीपर), सैयद जैस सलीम, लक्षित कार्तिकेय, आशुतोष अवस्थी (कप्तान), निरुप सोनी (पेंड्रा), जतिन नारंग, वैभव मोटवानी, खगेंद्र सागर पैंकरा, अभिनव यादव, प्रदीप आहिरे (मुंगेली), शाश्वत मिश्रा और प्रिंस पटेल शामिल है।

ज्ञात हो कि बिलासपुर जिला संघ द्वारा 6 अक्टूबर को अंडर-14 का ट्रायल लिया गया जिसमें 160 खिलाड़ी शामिल हुए। जिसके पश्चात संभावित खिलाड़ियों का चयन कैंप के लिए किया गया। जिसमें 15 दिन कैंप लगाया गया और 12 सलेक्शन मैच खेला गया।

### तेज खर्राटे सहित कई लक्षण हैं स्लीप एपनिया के, करवाएं इलाज

# सोते वक्त अक्सर रुकने लगती है सांस तो घबराएं नहीं, डॉक्टर से लें जरूरी परामर्श

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया एक स्लीपिंग डिसऑर्डर है। इस समस्या में सोते हुए व्यक्ति की सांसे रुक जाती है। एक्सपर्ट से जानिए इस बीमारी के होने की वजह क्या है। क्या आप भी नींद में तेज तेज खर्राटे लेते हैं ? क्या सोते वक्त आपकी भी सांस रुकने लगती है ? तो ये एक तरह के स्लीप डिसऑर्डर की निशानी है। इसे मेडिकल भाषा में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के नाम से जानते हैं। इस समस्या से पीड़ित व्यक्ति सोते वक्त सामान्य रूप से सांस नहीं ले पाता है। ये सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है।

## स्लीप एपनिया के बारे में जानें सबकुछ

एक्सपर्ट कहती हैं कि पहले के वक्त लोग खर्राटे लेना क्वालिटी नींद की निशानी समझते थे लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। रात में जिनको ज्यादा खर्राटे आते हैं उनका सांस बार-बार रुकता रहता है। कई बार झटके से सांस आती है और नींद टूट जाती है। इस वजह से नींद के दौरान ऑक्सीजन का स्तर भी कम हो जाता है। कई बार तो मरीज को इस समस्या का पता भी ही रहता है। एक्सपर्ट कहती हैं कि ये समस्या उन लोगों को होती है जिनका वजन ज्यादा होता है,जिनके पेट पर ज्यादा चर्बी होती है या जो लोग गतिहीन जीवन जीते हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में ये समस्या ज्यादा देखी जाती है।




## स्लीप एपनिया के लक्षण

नींद टूटने पर गला सूखना,नींद बार-बार टूटना,सोते वक्त बैचैन रहना,सोते समय खर्राटे लेना, सोते समय दम घुटना या हांफना,दिन में नींद आना और थकान महसूस होना,मूड स्विंग होना, स्लीप एपनिया के कारण होने वाली दिक्कत,खून में ऑक्सीजन की कमी के कारण हाई बीपी की समस्या हो सकती है। बीपी बढ़ने से हार्ट की समस्या और स्ट्रोकका खतरा बढ़ सकता है। ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो सकती है। डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है।



## कैसे करें स्लीप एपनिया से बचाव?

एक्सपर्ट कहती हैं कि लाइफस्टाइल में बदलाव जैसे वजन कम करने करना , नियमित रूप से एक्सरसाइज करने सहित स्लीप स्टडी टेस्ट के जरिए इसका इलाज किया जाता है।एक्सपर्ट कहती हैं कि आप या आपके घर में किसी को भी स्नोरिंग की दिक्कत है उन्हें स्लीप स्टडी टेस्ट करना बहुत जरूरी है।



स्लीप एपनिया से बचने के लिए, आप ये उपाय अपना सकते हैं। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। स्वस्थ भोजन करें, समय पर खाना-पीना करें, वज़न कम करें, शराब और धूम्रपान कम करें। नियमित व्यायाम करें। एरोबिक व्यायाम और शक्ति प्रशिक्षण जैसे व्यायाम करें। सोने की स्थिति बदलें। पीठ के बल सोने से बचें और करवट या पेट के बल सोएं। सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव (सीपीएपी) मशीन का इस्तेमाल करें।यह मशीन मास्क के ज़रिए हवा को आपके श्वास मार्ग में पंप करती है, जिससे वायुमार्ग खुला रहता है। मौखिक या दंत उपकरण पहनें। मांडिबुलर रिपोज़िशनिंग डिवाइस (एमआरडी) एक कस्टम-निर्मित मौखिक उपकरण है जो ज़्यादातर मामलों में मददगार होता है। बड़े टॉन्सिल या एडेनोइड्स को हटाने के लिए सर्जरी कराई जा सकती है।

# सुबह मलासन में बैठकर पिएं पानी, दूर होंगे कई रोग

योग से तन और मन को दुरुस्त रखा जा सकता है और पानी शरीर को रोगमुक्त रखता है। अगर दोनों चीजों को मिला दिया जाए, तो हेल्थ को दुरुस्त रखा जा सकता है। आज हम आपको सुबह मलासन के दौरान पानी पीने के फायदों के बारे में बताएंगे। इसके बारे में योगा टीचर दिलराजप्रीत कौर बता रही हैं।


सुबह खाली पेट पानी पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है, सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या नहीं होती है, इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, तनाव दूर होता है, वजन कम होता है और पेट संबंधी समस्याएं नहीं होती हैं। साथ ही, यूरिन में जलन दूर होती है और त्वचा हेल्दी और ग्लोइंग होती है। इसके अलावा, शरीर का तापमान कंट्रोल में रहता है, शरीर में एनर्जी का लेवल बढ़ता है और नई सेल्स और मसल्स बनने की प्रक्रिया तेज होती है। आइए दोनों क्रिया को एक साथ करने के फायदों के बारे में जानें-

## हाइड्रेशन

अच्छी हेल्थ के साथ ही थकान और मसल्स में ऐंठन को रोकने के लिए योग के दौरान हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। मलासन के दौरान पानी पीने से आपको ये सारे फायदे मिल सकते हैं।

## बढ़ता है लचीलापन

मलासन हिप्स और कमर के आस-



पास अंगों पर काम करता है। हाइड्रेटेड रहने से इन हिस्सों में लचीलापन बढ़ता है, जिससे मुद्रा को करना आसान हो जाता है।

## हेल्दी डाइजेशन

मलासन की उकड़ू पोजिशन और पानी पीने से डाइजेशन अच्छा होता है और मुद्रा के दौरान होने वाली परेशानियों को रोका जा सकता है। इस पोजिशन में बैठने से बाउल मूवमेंट तेजी से काम करता है और सुबह आसानी से पेट साफ हो जाता है।

## डिटॉक्सिफिकेशन

हाइड्रेशन शरीर से टॉक्सिंस को निकालता है और मलासन के दौरान पानी पीने से आपको यह फायदा मिल सकता है।

# रोटी बनेगी सॉफ्ट और गुब्बारे जैसी एक छोटा चम्मच डालें जादुई पाउडर

जिस दिन रोटी गोल और फूली-फूली बनती है, उस दिन सभी की खुशी का ठिकाना नहीं रहता। ऐसा अक्सर तब होता है, जब आटा अच्छी तरह से गूंथा जाए। अच्छी रोटी बनाने के लिए आटे का सही तरह से तैयार होना बहुत जरूरी है। अगर आटा सही न तैयार हो, तो रोटी न ही फूलती है और न ही सॉफ्ट रहती है। रेस्तरां और ढाबे में आटे में मैदा मिलाया जाता है। इससे रोटी सॉफ्ट हो जाती है। आपको जानना हैं कि बेकिंग पाउडर की मदद से कैसे रोटी को सॉफ्ट बना सकते हैं।

## सूखे आटे में बेकिंग पाउडर मिलाएं

रोटी के आटे में बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल करने का सबसे आसान तरीका है कि इसे गूंथने से पहले सीधे सूखे आटे में मिला लें। इससे पूरे आटे में बेकिंग पाउडर अच्छी तरह मिक्स होगा, जिससे छोटी-छोटी पॉकेट्स बनेंगी जो रोटी को फूला हुआ और मुलायम बनाए रखती हैं।

**क्या करें:** आटे में 1/2 छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स करें। पानी डालने से पहले आटे और बेकिंग पाउडर को अच्छी तरह मिलना जरूरी है वरना पाउडर किसी एक हिस्से में ही रह जाएगा। इसके बाद आटे को नरम और स्मूथ बनाने के लिए पानी डालकर आटा गूंथें। बेकिंग पाउडर



एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जो आटे को फुलाने में मदद करता है। यह पानी के साथ मिलकर सक्रिय हो जाता है और इससे रोटी मुलायम रहती है।

## दही के साथ बेकिंग पाउडर

आटा गूंथते वक्त उसमें दही मिला लें। आटे को फिर अच्छी तरह से हथेली से मसलें और फिर आटा गूंथना चाहिए। दही और बेकिंग सोडा आटे को फ्लेक्सिबल बनाता है जिससे रोटी मुलायम होती हैं।

**क्या करें:** 1 बड़ा चम्मच दही में 1/2 छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण को आटे में मिलाएं और आटे को मिक्स करें। इसके बाद गर्म पानी का उपयोग करके आटा गूंथ लें। रोटियां बेलने से पहले आटे को 20-30 मिनट के लिए रख दें। दही और बेकिंग पाउडर का मिश्रण एक खमीरी प्रभाव पैदा करता है, जिससे मुलायम और फूली हुई रोटियां बनती हैं।



# वास्तु अनुसार बेडरूम में लगाएं वॉलपेपर, दिखाई देगा बदलाव

अगर आप अपने बेडरूम में वास्तु अनुसार वॉलपेपर का चयन करती हैं तो इससे पति-पत्नी के बीच हमेशा प्यार बना रहेगा। अपने घर को और भी ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए हम सभी तरह-तरह के वॉलपेपर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप घर के किस कमरे की दीवार को वॉलपेपर की मदद से खूबसूरत बनाना चाहती हैं, यह बहुत अधिक मायने रखता है। यूं तो इन दिनों मार्केट में तरह-तरह के डिजाइन के वॉलपेपर मिलते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप किसी भी वॉलपेपर को बस यूं ही चुन लें।

सही वॉलपेपर चुनकर आप अपने घर की पॉजिटिविटी को बढ़ा सकती हैं। मसलन, अगर आप अपने बेडरूम की वॉल पर वॉलपेपर लगाना चाहती हैं तो आपको ऐसे वॉलपेपर को चुनना चाहिए, जो पति-पत्नी के बीच के प्यार को ऐसे ही बरकरार रखे। वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि कपल अपने बेडरूम में किस तरह के वॉलपेपर लगा सकते हैं-

## मीनिंगफुल हो वॉलपेपर



जब आप अपने बेडरूम में (बेडरूम में रखें ये चीजें) वॉलपेपर लगा रही हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका कोई अर्थ जरूर होना चाहिए। वॉलपेपर पर फूल-पत्तियां बनी हो सकती हैं या फिर कोई ज्योमेट्रिकल डिजाइन हो सकता है।

लेकिन यह ध्यान रखें कि वॉलपेपर पर एब्सट्रैक्ट डिजाइन नहीं होना चाहिए। वास्तु के अनुसार यह अच्छा नहीं माना जाता है। यह आपके मन में टेंशन पैदा करते हैं।

## वॉलपेपर का रंग

बेडरूम में वॉलपेपर लगाते समय आपको रंग का भी खास ख्याल रखना चाहिए। मसलन, अगर आप बेडरूम की दक्षिण दिशा की दीवार पर वॉलपेपर लगा रही हैं तो उसमें महरून या गहरा पीला रंग ज्यादा होना चाहिए। आपको काला रंग अवॉयड करना चाहिए। इसी तरह, उत्तर दिशा की दीवार पर व्हाइट या ऑफ व्हाइट कलर का वॉलपेपर लगाया जा सकता है। यूं तो उत्तर दिशा में नीला रंग काफी अच्छा माना जाता है, लेकिन बेडरूम में इस रंग का वॉलपेपर लगाने से पति-पत्नी के रिश्तों में परेशानी आ सकती है। पूर्व दिशा में हरे रंग के वॉलपेपर लगाए जा सकते हैं।

## अगर थ्री डी हो वॉलपेपर



अगर आप अपने बेडरूम में थ्री डी वॉलपेपर लगाना चाहती हैं तो आपको उसे केवल उत्तर या पूर्व दिशा (वास्तु के अनुसार पूर्व दिशा में रखें यह चीजें) की दीवार पर ही लगाएं। आपको इसे कभी भी दक्षिण या पश्चिम दिशा की दीवार पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

कार्नर न्यूज

### कार्ड बोर्ड से आप बढ़ा सकते हैं मिट्टी की उर्वरता

# दिवाली के बाद पटाखों के कार्डबोर्ड का ढेर लगा तो करें मिट्टी में इस्तेमाल, मिलेगा जादुई फायदा

दीवाली बीत चुकी लेकिन एक समस्या बहुत से घरों में देखने में आती है। लोग पटाखे जलाने के बाद खाली हुए बॉक्स को बेकार समझ कर कर फेंक देते हैं या फिर कबाड़ में बेचने रख लेते हैं। अगर आप चाहें तो ये खाली डिब्बे आपके बगीचे के लिए जादू साबित हो सकते हैं। इसके लिए आपको केवल कुछ स्टेप्स को फॉलो करने की जरूरत है। पटाखों के खाली कार्डबोर्ड बॉक्स में जैविक पदार्थ होते हैं, जो मिट्टी में मिलकर उसे हेल्दी और उपजाऊ बनाते हैं। साथ ही मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं, कि पटाखों के कार्डबोर्ड बॉक्स को मिट्टी में इस्तेमाल करने के क्या-क्या फायदे हैं और कैसे हम इसे अपने बगीचे या गमलों में उपयोग कर सकते हैं।



**कम्पोस्ट बनाने में मदद** बगीचे में लगे पौधों के लिए अधिकतर लोग बाजार से कंपोस्ट खरीदकर लाते हैं। लेकिन अब आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसे आप पटाखों के कार्डबोर्ड से बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बॉक्स को कैंची की मदद से छोटा-छोटा काट लें। इसके बाद इन्हें मिट्टी में डालकर अच्छे से मिक्स करें। बता दें कार्डबोर्ड कार्बन की आपूर्ति करा है, जो कंपोस्टिंग के लिए जरूरी है। साथ ही मिट्टी की गुणवत्ता और कीटाणु नियंत्रण में मदद करता है।

## पानी अवशोषण में सहायक

कार्डबोर्ड बॉक्स को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर गमलों या बगीचे में डालते हैं, तो यह पानी को अवशोषित कर पौधों को लंबे समय तक पानी पहुंचाने का काम करता है। साथ ही मिट्टी को अधिक पोषक तत्वों के साथ सुरक्षित रख सकता है। अगर गमले में पानी का भराव ज्यादा हो गया है, तो आप इसकी मदद से पानी को कम कर सकती है।

## मल्चिंग में करें इस्तेमाल

अखबार की जगह आप कार्डबोर्ड बॉक्स को मल्चिंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। कार्डबोर्ड के छोटे टुकड़े में काटकर उसे गमले में डालें। यह तरीका मिट्टी के तापमान को नियंत्रित करती है और खरपतवार की वृद्धि को रोकती है। इसके अलावा, यह मिट्टी में नमी बनाए रखता है, जिससे पौधों की वृद्धि बेहतर होती है।

## वर्मी कंपोस्टिंग में करें इस्तेमाल

आप इन कार्डबोर्ड बॉक्स के टुकड़ों का उपयोग वर्मी कंपोस्टिंग में भी कर सकते हैं। कार्डबोर्ड में लकड़ी और कार्बन की अच्छी मात्रा होती है, जो वर्म्स (केंचुए) के लिए आदर्श वातावरण तैयार करती है। वर्म्स इन बॉक्स के टुकड़ों को खाकर मिट्टी में पोषक तत्वों की वृद्धि करते हैं।



**गमले में रूट ग्रोथ में लाभदायक** आप कार्डबोर्ड बॉक्स को गमले के नीचे बिछाकर जड़ संरचना को बेहतर बना सकते हैं। जो पौधा बढ़ता है, तो कार्डबोर्ड बॉक्स धीरे-धीरे गल जाता है और पौधों को अधिक जगह मिलती है, जिससे जड़ों की वृद्धि और विकास में मदद मिलती है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### स्पाइडर मैन सीरीज की अगली फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान

एमसीयू ने अपनी अगली स्पाइडर-मैन फिल्म के लिए कमर कस ली है और तैयारी शुरू हो रही हैं। फिल्म की रिलीज डेट भी तय हो गई है। एक बार



फिर टॉम हॉलैंड वापसी कर रहे हैं। स्पाइडर-मैनः होमकमिंग में पीटर पार्कर की भूमिका से दर्शकों का दिल जीतने वाले टॉम 'स्पाइडर-मैन 4' में नजर आएंगे। शूटिंग अगले साल से शुरू हो जाएगी।

स्पाइडर-मैन की अगली फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग अगले साल गर्मियों में शुरू हो जाएगी। वहीं, 2026 में इसे रिलीज किया जाएगा। इसकी रिलीज डेट 24 जुलाई 2026 तय कर दी गई है। 'शांग ची' फेम निर्देशक डेस्टिन डेनियल क्रेटन स्पाइड-मैन 4 का निर्देशन करेंगे।

टॉम हॉलैंड को मार्वल सिनेमेटिक यूनिवर्स में स्पाइडर मैन के रूप में प्रशंसक बेहद पसंद करते हैं। स्पाइडर-मैन 4 में एक बार फिर दर्शक टॉम को देखने के लिए बेकरार हैं। स्पाइडर-मैन 4 को लेकर खबरें तो पहले से चल रही थीं, अब आधिकारिक रूप से इसकी तैयारी शुरू हो चुकी हैं। खुद टॉम ने टॉक शो 'द टूनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन' में इसकी पुष्टि कर दी है।

स्पाइडरमैन कॉमिक बुक का चर्चित सुपरहीरो किरदार है। हॉलैंड ने जॉन वॉट्स द्वारा निर्देशित पिछली तीन स्पाइडर-मैन फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इसके अलावा टॉम हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की अगली फिल्म में भी नजर आएंगे।

## टॉलीवुड

### सिनेमा में 50 साल पूरे होने पर चिरंजीवी ने मनाया जश्न, यादों का पिटारा खोल कॉलेज के दिनों में खोए



सुपरस्टार चिरंजीवी ने हल ही में अभिनय की दुनिया में 50 साल पूरी कर लिए हैं। चार दशकों से ज्यादा लंबे करियर के साथ सुपरस्टार चिरंजीवी ने 100 से ज्यादा फीचर फिल्मों में काम किया है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर कॉलेज के दिनों की एक तस्वीर शेयर की, जब उन्होंने कॉलेज में अपने पहले नाटक में अभिनय किया था। उनकी यादगार चीजों में से उनकी अनदेखी तस्वीर ने ध्यान खींचा। कैप्शन में उन्होंने अभिनय के साथ अपने पहले कार्यकाल के बारे में कुछ दिलचस्प बातों का खुलासा किया। चिरंजीवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वाईएनएम कॉलेज, नरसापुर के दिनों की अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की, जहां वे बीकॉम की पढ़ाई कर रहे थे। मेगास्टार सफेद शर्ट और धूप के चश्मे में बिल्कुल पहचान में नहीं आ रहे थे। तस्वीर के बारे में जो बात सबसे ज्यादा ध्यान देने लायक थी, वह यह थी कि इस पर अभिनेता का पूरा नाम केएसएसवी प्रसाद राव लिखा हुआ था। संयोग से तस्वीर के नीचे लिखे नोट में उन्हें 1974-75 के 'कॉलेज के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' के रूप में भी टैग किया गया था। तस्वीर के साथ चिरंजीवी ने एक लंबा कैप्शन लिखा, जिसमें उन्होंने न केवल एक अभिनेता के रूप में 50 साल पूरे करने की बात कही, बल्कि अपने पहले नाटक 'रजीनामा' के बारे में भी याद किया। उन्होंने इसके बाद मिली अपार मान्यता और प्रशंसा के साथ-साथ अंतहीन प्रोत्साहन के बारे में भी बात की। मेगास्टार ने लिखा, ''रजीनामा'... वाईएनएम कॉलेज नरसापुर में 'रंगस्थलम' पर पहला नाटक... कोना गोविंदा राव द्वारा लिखित, अभिनेता के रूप में पहली पहचान, यह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता था, अंतहीन प्रोत्साहन 1974-2024, अभिनय के 50 साल, अंतहीन खुशी।'

## भोजपुरी

### खेसारी के नए गाने 'दीवाना बदमाश हो जाई' की झलक ने उड़ाए होश



खेसारी लाल यादव भोजपुरी फिल्मों के सबसे हिट कलाकारों में से एक हैं। वह जितना अच्छा अभिनय करते हैं, उतने ही अच्छे गायक भी हैं। अब तक वह कई हिट गीत भोजपुरी दर्शकों को दे चुके हैं। अब एक और गीत के साथ वह हाजिर हैं। जानिए, इस गाने के बारे में।

खेसारी ने अपने नए गाने को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- 'दीवाना बदमाश हो जाई, कल सुबह 6.30 बजे।' इस गाने के वीडियो में वह हाथ में बंदूक लिए एक आदमी को गोली मारते हुए नजर आ रहे हैं। फिर वह गाने की हीरोइन के पास जाकर जोर-जोर से हंसते हैं। इससे जाहिर होता है कि खेसारी इस गीत में एक बादमाश हैं। लेकिन वह बदमाश बने क्यों? इसका पता तो पूरा गाना देखकर ही चलेगा। इस गाने में उनके साथ प्रिया रघुवंशी नजर आ रही हैं।

जैसे ही खेसारी ने इस गाने की पहली झलक इंस्टाग्राम पर डाली तो कुछ ही घंटों में फैंस ने उन पर अपना प्यार लुटा दिया। उनके इस गाने को 6 लाख से अधिक व्यूज और 47, 883 लाइक्स मिले हैं। धीरे-धीरे यह संख्या और भी बढ़ती हुई नजर आएगी क्योंकि खेसारी के सभी गानों को लाखों में व्यूज मिलते हैं। इससे उनकी प्रसिद्धि का पता चलता है।

स्वीडन के टाइगर

लाइफ स्टाइल




स्वीडन में फैशन इंडस्ट्री बेहद विकसित है। यहां के फैशन शो पर दुनिया भर के डिजाइनर और माडलों की नजर रहती है। पिछले दिनों यहां टाइगर आफ स्वीडन शीर्षक से फैशन शो हुआ। जिसमें स्वीडन के नौजवानों ने अपनी भागीदारी दी। इस शो को लोगों ने बेहद पसंद किया।

# खूबसूरत लुक के लिए चेहरे के आकार के हिसाब से करें अपनी बिंदी का चयन



जब कोई महिला बिंदी लगाती है तो उनकी खूबसूरती और ज्यादा बढ़ जाती है। ज्यादातर महिलाएं गोल बिंदी ही लगा लेती हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि बिंदी हमेशा चेहरे के आकार के हिसाब से ही लगानी चाहिए। अगर आपका चेहरे का आकार गोल है तो हमेशा गोल शेप वाली बिंदी का ही चयन करें। गोल चेहरा थोड़ा सा चबी होता है, ऐसे में अगर आप लंबी बिंदी लगाएंगी तो इससे आपका लुक खराब हो सकता है। चौकोर आकार चेहरे पर माथा, गाल की हड्डियां, साथ ही जबड़े की रेखा समान चौड़ाई की होती है। अगर आपका चेहरा चौकोर है तो आपके फेस पर गोल और वी आकार की बिंदी बेहद प्यारी लगेगी।

अगर आपका चेहरा अंडाकार या ओवल है तो बिंदी लगाने में आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं हैं। अंडाकार चेहरे पर आप कोई भी बिंदी लगा सकती हैं। बस बेहतर होगा कि आप लंबी बिंदी लगाने से बचें।

अगर आपके चेहरे का आकार त्रिकोणाकार है तो आप लंबी या गोल कैसी भी बिंदी लगा सकती हैं। त्रिकोणाकार चेहरा वाली महिलाओं को बस अपने आउटफिट को ध्यान में रखकर बिंदी का चयन करना चाहिए।

# चाहती हैं रॉयल लुक तो स्टाइल करें वेलवेट सूट





फैशन

न्यू फैशन ट्रेंड के अनुसार, इन दिनों वेलवेट सूट काफी ट्रेंड में है और यह सूट रॉयल और स्टाइलिश लू पाने के लिए बेस्ट है साथ ही इस आउटफिट में आप कंफर्टेबल भी रहती हैं। विंटर सीजन में होने वाली शादी के दौरान अक्सर महिलाएं इस बात को लेकर परेशान रहती हैं कि वो किस तरह का आउटफिट वियर करें। महिलाएं चाहती हैं कि इस मौके पर वो स्टाइलिश नजर आए साथ ही ठंड से बचा जा सका। वहीं अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं ठंड की वजह से आपका फैशन खराब न हो तो आप ये वेलवेट सूट स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले वेलवेट सूट दिखा रहे हैं जो आप विंटर सीजन में हो रही शादी में शामिल होने के दौरान वियर कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट में आपका लुक रॉयल भी नजर आएगा।

### थ्रेड वर्क वेलवेट सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के थ्रेड वर्क वेलवेट सूट का चुनाव कर सकती हैं और ये विंटर सीजन में होने वाली शादी में रॉयल लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस सूट में बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है साथ ही वी नेक डिजाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको कई सारे कलर और नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे जिन्हें आप 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस थ्रेड वर्क वेलवेट सूट के साथ आप फुटवियर में मोजरी साथ ही ज्वेलरी में आर्टिफिशियल ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वेलवेट सूट


यह एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला वेलवेट सूट भी आप विंटर सीजन में स्टाइल कर सकती हैं जो कि स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है। एम्ब्रॉयडरी वाला ये वेलवेट सूट आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएगा जिसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से ले सकती हैं। ये सूट आपको 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप चोकर और बालों का बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह के फ्लोरल पैटर्न वाले एंब्रॉयडरी सूट का भी चुनाव आर सकती हैं जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है।

# इन टिप्स से करें अपने लुक को स्टाइल, खिल उठेगा रूप

स्टाइलिश दिखना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन नए से नए फैशन ट्रेंड को फॉलो करना बेहद पसंद करते हैं। वहीं बदलते दौर में कई बार अपने लुक को स्टाइल करना हमारे लिए मुश्किल हो जाता है। इन दिनों मौका दीपावली का है। इस मौके पर अपने लुक को खास बनाने के लिए आपको कई बातों का खास ख्याल रखना जरूरी होता है।

### बालों को स्टाइलिश देने के लिए क्या करें?

दीपावली के मौके पर एथनिक वियर पहना जाता है और इसके साथ अक्सर हेयर स्टाइल भी वैसा ही बनाया जाता है। वहीं अगर आप ओपन हेयर स्टाइल बना रही हैं तो बालों में बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको फ्रंट में ब्रेड बनानी होगी और फिर इसमें बीड्स का इस्तेमाल करना होगा। अगर आप बन हेयर स्टाइल बना रही हैं तो हेयर एक्सेसरीज के लिए आप ज्वेलरी स्टाइल डिजाइन को चुनें। अब इसके लिए आपको एक्स्ट्रा पैसे खर्चने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आप अपने किसी इयररिंग्स की मदद से ही इसे सजा सकती हैं। ऐसे ही आप चाहे तो छोटे



साइज के स्टड्स इयररिंग्स को भी बालों में लगा सकती हैं।

### लुक को खास बनाने के लिए चेहरे पर कैसे बनाएं डॉट?

आपने देखा होगा कि दीपावली में लोग बंजारा लुक को स्टाइल करना काफी पसंद करते है। इसके लिए कलियों वाले हैवी लहंगे के साथ चोली को स्टाइल किया जाता है। वहीं चेहरे को आकर्षक लुक देने के लिए आप ब्लैक कलर की डॉट जरूर बना लें। इसके लिए आपको केवल 2 चीजों की आवश्यकता रहेगी। चेहरे पर डॉट बनाने के लिए आप बॉबी पिंस की टिप्स पर आई लाइनर लगाएं और चेहरे पर बना लें।

# चेहरे से हटेंगे धब्बे, बदलेगी रंगत और बुढ़ापे की हो जाएगी छुट्टी

इस बात से हर कोई वाकिफ़ है कि स्किन केयरिंग टिप्स की जरूरत सिर्फ महिलाओं को नहीं पड़ती बल्कि पुरुषों को भी पड़ती है, यह बात अलग है कि महिलाओं के मुकाबले पुरुष स्किन केयर रुटीन पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे पाते हैं लेकिन वे इस बात से अंजान होते हैं कि शरीर के बाकी अंगों की तरह त्वचा की भी देखभाल काफी ज़रूरी है।

ऐसे में ये स्किन केयर टिप्स आपके काफी काम आते हैं जो बेजान त्वचा को जान देते हैं और रूखी त्वचा को नमी देते हैं। इन प्रोडक्ट का रेगुलर इस्तेमाल किया जाए तो ग्लोइंग और स्मूथ स्किन मिलती है साथ ही एजिंग साइन भी दिखना बंद हो जाते हैं। इन स्किन केयर प्रोडक्ट्स से त्वचा की रंगत में भी निखार आता है।

इससे बेजान त्वचा को जान मिलती है त्वचा को किसी भी तरीके का नुकसान नहीं पहुंचाता है स्किन केयर टिप्स में शामिल मॉइस्चराइजर से झुर्रियां कम होती है और त्वचा को फर्म मिलता है। हाइपरपिग्मेंटेशन को रोकने में भी मदद मिलती है संवेदनशील और



रूखी त्वचा पर यह स्किन केयर प्रोडक्ट काफी असरदार है। स्किन केयर प्रोडक्ट में शामिल इस प्रोडक्ट से मॉइश्चराइजिंग और हाइपोएलर्जेनिक स्किन मिलती है। 50 एसपीएफ सनस्क्रीन से काफी अच्छे रिजल्ट देखने को मिलते हैं। इससे रातों-रात थकी हुई त्वचा को नरम बनती है काफी अच्छे रिजल्ट देखने को मिलते हैं।

कार्नर न्यूज

हर साल बदल जाते हैं फैशन ट्रेंड, आपको जानना जरूरी

# शादियों के मौसम में पहनावा चुनना मुश्किल हो रहा तो पहले फैशन ट्रेंड जान लीजिए

दीवाली के बाद अब शादियों का मौसम आ रहा है। ऐसे खास मौके पर पहनने के लिए आपको कुछ खास कपड़े चुनने चाहिए। इन शादियों के साथ बहुत से त्यौहार भी हैं। छोटी दीवाली भी करीब है। अभी छठ पूजा का माहौल भी है। ऐसे खास मौके पर आपको क्या पहनना है, यह चुनना मुश्किल नहीं होना चाहिए।

### जानिए क्या है फैशन ट्रेंड

पुरुष और महिलाएं दोनों ही खास मौके पर नए कपड़े शौक से पहनते हैं। ऐसे में आपको मौजूदा समय में ट्रेंड कर रहे फैशन के बारे में जरूर जानना चाहिए। आप इसे अपनाकर त्यौहार और शादियों के खास मौके को और भी यादगार बना सकते हैं। पुरुष-महिलाओं के अलावा बच्चे और बुजुर्ग भी मौके को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं।



### पुरुषों के लिए नेहरू जैकेट

त्यौहार और पार्टियों में नेहरू जैकेट किसी भी पुरुष के लुक को सहजता से निखार देता है। चाहे कुर्ता, लॉन्ग या शॉर्ट या फिर कैजुअल शर्ट के साथ पहना जाए, नेहरू जैकेट स्टाइल में तड़का लगाने का काम करता है। जो लोग कार्ड पार्टियों और समारोहों के लिए हल्के लेकिन फैशनेबल कपड़े पहनना पसंद करते हैं, उनके लिए शॉर्ट कुर्ते सबसे बढ़िया विकल्प हैं।

### कुर्ते को जींस, ट्राउजर या धोती के साथ पहन सकते हैं

इसके अलावा जांघ या कूल्हे के बीच तक की लंबाई वाले कुर्ते जींस, ट्राउजर या धोती के साथ आसानी से पहने जा सकते हैं। बॉटम वियर का चयन आउटफिट को निखारता है, जो बेहद कैजुअल से लेकर खास एथनिक तक हो सकता है। इसके अलावा पुरुषों के पास चिकनकारी कुर्तों का भी आप्शन भी मौजूद है।

### मौजूद हैं कई आप्शन

आज के बाजार में मौजूद आप्शन से आपके क़ुर्ते के साथ क्या जोड़ा जाये, इसका जवाब भी है। आप कुर्ते के साथ सलवार, जोधपुरी पैंट, पलाज़ो-स्टाइल पैंट या हमेशा खूबसूरत चूड़ीदार पहन सकते हैं। सोशल मीडिया पर पुरुषों के फैशन रील्स और ट्रेंडिंग वीडियो की भरमार है, ऐसे में त्यौहार और पार्टियों में आप अपनी सहूलियत के हिसाब से कपड़ों का चयन कर सकते हैं।



### महिलाओं के लिए हैं ये आप्शन

महिलाओं की बात करें तो त्यौहार और पार्टियों के मौके पर साड़ी के साथ स्लीवलेस ब्लाउज़ पहनना या लहंगे के साथ क्रॉप टॉप पहनना, क्लासिक लुक को आकर्षक बनाती है। चांदी और सोने के आभूषण दोनों ही महिलाओं के आउटफिट को निखारने के लिए तैयार हैं, जिसमें मांगटीका और झुमके से लेकर हार, चूड़ियाँ और अंगूठियों तक के विकल्प शामिल हैं।